गुरुवार, 16 जनवरी 2025

मौसम

तापमान 26 – 15
आर्द्रता 60%
सूर्योदय: 6:20 सूर्यास्त: 17:14

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

आज समाज्ञा के साथ वर्ष 2025 का हिन्दी तिथि से युक्त वार्षिक कैलेण्डर बिल्कुल मुफ्त

अपनी प्रति लेना न भूलें

सुविचार : नियत साफ और मकसद सही हो तो ईश्वर भी आपकी मदद करते हैं।

सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम बनाना भारत की प्राथमिकता, मकसद विस्तारवाद नहीं विकासवाद: मोदी

मुंबई : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर 'ग्लोबल साउथ' में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में तीन बड़े युद्धपोत नौसेना में हुए शामिल

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है और दुनिया में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। मोदी ने आज के दिन को भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए 'बहुत बड़ा दिन' करार देते हुए कहा, ''यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा रहा है। गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।'' फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और दृष्टिकोण दिया था और आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नौसेना को सशक्त करने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, यह देश की प्राथमिकताओं में से एक है।

उत्तर दिनाजपुर में अपराधियों ने सर्विस रिवॉल्वर छीनकर पुलिस कर्मियों पर बरसाई गोलियां

- पुलिस हिरासत से एक आरोपी भागा, अज्ञात हमलावर भी फरार
- दो पुलिस कर्मी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

उत्तर दिनाजपुर : उत्तर दिनाजपुर में पुलिस के ही दो कर्मियों नीलकंठ सरकार और देवेन वैश्य को गोली लगी है। प्राथमिक तौर पर, पता चला है कि उक्त घटना बुधवार की दोपहर को तब घटी जब पुलिस आपराधिक मामले के दो आरोपियों को इस्लामपुर अदालत से वापस रायगंज ले जेल जा रहे थे। तभी, अचानक फिल्मी अंदाज में बीच सड़क पर गोलीबारी होने लगी। इस घटना में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना उत्तर दिनाजपुर के ग्वालपोखर के पंजीपाड़ा में हुई। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी करने वाले कौन लोग थे। प्राप्त जानकारी की माने तो जब उक्त दो लोगों को पुलिस प्रिजन वैन से कोर्ट से वापस रायगंज ले जा रहे थे। तभी एक आरोपी ने सड़क के बीच में ही शौचालय की बात कही। इसलिए पुलिस ने प्रिजन वैन को सड़क पर ही रोक दिया। जैसे ही पुलिस वाले गाड़ी से बाहर निकले, उन पर गोलीबारी की गई। घटना से हड़कंप मच गया और लोग दहशत में भागने लगे। वारदात में दो पुलिस कर्मियों में से एक को दो गोलियां लगीं, जबकि दूसरे को एक गोली लगी। गोलीबारी के दौरान सज्जाद आलम नामक एक आरोपी के फरार हो गया है। पुलिस कर्मियों नीलकंठ सरकार और देवेन वैश्य का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बहरहाल, यह साफ नहीं हो सका है कि मामले को सुनियोजित तौर पर अंजाम दिया गया या फरार आरोपी के पास पहले से ही हथियार था। यह भी संदेह है कि क्या अन्य अपराधियों ने कोर्ट से वापस जेल ले जा रहे आरोपियों को पुलिस की हिरासत से छुड़ाने के लिए गोलियां चलाईं या फिर मामले में कोई और ही रहस्य है। प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि प्रिजन वैन से जिन दो आरोपी को जेल लाया जा रहा था उन्हें छुड़ाने के लिए ही वारदात को अंजाम दिया गया है। जिन पुलिस कर्मियों को गोली लगी है, उन्हें इस्लामपुर उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बैंक लॉकर घोटाला: अभियुक्तों के बयान के आधार पर लगभग 11 करोड़ के आभूषण जब्त

कोलकाता : इंडियन बैंक पार्क स्ट्रीट ब्रांच में बैंक लॉकर घोटाले से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में बैंक के लॉकर इंचार्ज मिथुन सी और मौमिता सी को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को 10 जनवरी 2025 को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, जो 22 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा।

पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। मुख्या आरोपी मौमिता सी के बयान के आधार पर पुलिस ने बीती रात कस्बा थाना क्षेत्र में स्थित बोसपुकुर रोड के दक्षिणी एन्क्लेव के एक फ्लैट (87/41) पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद हुआ।

बरामदगी का विवरण

पुलिस ने फ्लैट के एक कमरे से निम्नलिखित कीमती सामान जब्त किए हैं:

1. 27 डायमंड आभूषण: विभिन्न प्रकार के जैसे कंगन, हार, अंगूठियां, झुमके आदि। अनुमानित मूल्य करीब 10 करोड़ रुपये।

2. 7 सोने के आभूषण: जिनमें गले की चेन, कंगन, झुमके, पायल आदि शामिल हैं। वजन 370 ग्राम, अनुमानित मूल्य 27.75 लाख रुपये।

3. सोने की 11 बार: कुल वजन 782 ग्राम, अनुमानित मूल्य 66.50 लाख रुपये।

4. सोने के 6 सिक्के: कुल वजन 46 ग्राम, अनुमानित मूल्य 3.90 लाख रुपये।

पुलिस के अनुसार, बरामद की गई संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 11 करोड़ रुपये से अधिक है। मामले की गहन जांच जारी है, और अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस का मन्ना है कि इस मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं। आरोपियों के पास से मिले सबूत यह संकेत देते हैं कि यह एक संगठित अपराध हो सकता है।

वही दूसरी ओर इस मामले ने बैंकिंग क्षेत्र में सुरक्षा और भरोसे को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नीट-यूजी अनियमितता मामले में सीबीआई ने दर्ज की नयी प्राथमिकी

नयी दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिहार के पूर्णिया में नीट-यूजी, 2024 के चार परीक्षार्थियों द्वारा किए गए कथित फर्जीवाड़े के संबंध में एक नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने राज्य सरकार के अनुरोध पर बिहार पुलिस से जांच का जिम्मा ले लिया है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पिछले साल पांच मई को आयोजित प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रों में से एक एसआरडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने आरोप लगाया है कि अभ्यर्थियों के 'बायोमेट्रिक्स' से पता चला है कि चार वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह दूसरे लोग परीक्षा दे रहे थे।

इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते पर सहमति बनी: मध्यस्थ

दोहा : इजराइल और हमास ने गाजा में 15 महीने से जारी विनाशकारी युद्ध को रोकने के लिए संघर्ष विराम समझौते को लेकर सहमति जताई है। मध्यस्थों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही दो चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच सबसे घातक और विनाशकारी युद्ध खत्म होने की संभावना बढ़ गई है। कतर की राजधानी दोहा में कई हफ्तों की बातचीत के बाद हुए इस समझौते में हमास की ओर से चरणबद्ध तरीके से बंधकों की रिहाई, इजराइल में सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और गाजा में विस्थापित हजारों लोगों को वापस लौटने की अनुमति देना शामिल है। समझौते के तहत, क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता भी पहुंचाई जाएगी। अमेरिका के तीन अधिकारियों और हमास के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि समझौता हो गया है। दोहा में मध्यस्थों द्वारा आधिकारिक घोषणा से पहले सौदे की रूपरेखा पर चर्चा करने वाले तीनों अमेरिकी अधिकारियों ने निजी रूप से यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन बृहस्पतिवार को समझौते के सिलसिले में संबोधन की तैयारी कर रहे हैं। समझौते को अभी इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल की मंजूरी की जरूरत होगी, लेकिन आने वाले दिनों में समझौते के प्रभावी होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत युद्ध को पहले, छह सप्ताह के लिए रोकने की उम्मीद है, जिसके साथ ही युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने पर बातचीत शुरू होगी। थे।

रुपये में तेजी जारी, 13 पैसे बढ़कर 86.40 प्रति डॉलर पर

मुंबई : स्थानीय शेयर बाजारों से अनुकूल संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में लगातार दूसरे सत्र में मजबूती जारी रही और यह 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.40 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा सूचकांक भी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया, जिससे स्थानीय मुद्रा में तेजी आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से रुपये पर दबाव कायम रहा।

बीएसएफ ने 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ा, तीन मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया

कोलकाता : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर उत्तर 24 परगना, नादिया, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में तस्करी और घुसपैठ के कई प्रयासों को विफल करते हुए 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस खदेड़ दिया और तीन मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा, बीएसएफ जवानों ने इन अभियानों के दौरान प्रतिबंधित फेंसेडिल की 1,236 बोतलें जब्त कीं और 18 मवेशियों को बरामद किया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक बयान के अनुसार, 14 जनवरी को उत्तर 24 परगना में चारमुराशी सीमा चौकी (बीओपी) पर बीएसएफ कर्मियों ने 6-8 व्यक्तियों को छोटे पैकेट और धारदार हथियार ले जाते हुए देखा। बयान में कहा गया है, जवानों ने बदमाशों को चुनौती दी, लेकिन तस्करों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया और आक्रामक तरीके से आगे बढ़े। जवाब में, बीएसएफ के जवानों ने एक स्टन ग्रेनेड फेंका, लेकिन तस्करों ने धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे जवानों की जान खतरे में पड़ गई। आत्मरक्षा में, बीएसएफ ने हवा में छह गोलियां चलाईं, जिससे तस्कर अंधेरे की आड़ में भाग गए।'' नादिया जिले में एक अलग अभियान में, नूनागंज सीमा चौकी से बीएसएफ के जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तीन बांग्लादेशी पशु तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन गाय बरामद कीं।

सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकारों का महत्वपूर्ण कर्तव्य है: उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है कि ऐसी सुविधाएं सभी के लिए सुलभ हों। एक वकील द्वारा दायर जनहित याचिका पर कई निर्देश जारी करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे देशभर के सभी न्यायालय परिसरों और न्यायाधिकरणों में पुरुषों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और 'ट्रांसजेंडर' व्यक्तियों के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य सर्वोपरि है और पर्याप्त सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण से निजता की रक्षा होती है और महिलाओं तथा 'ट्रांसजेंडर' व्यक्तियों के लिए परेशानी दूर होती है। पीठ ने कहा, ''उच्च न्यायालय यह सुनिश्चित करेंगे कि ये सुविधाएं न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, वादियों और न्यायालय के कर्मचारियों के लिए स्पष्ट रूप से सुलभ हों।'' इसने कहा, ''उपर्युक्त उद्देश्य के लिए, प्रत्येक उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी और इसके सदस्यों में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल/रजिस्ट्रार, मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और राज्य के वित्त सचिव, बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि और कोई अन्य अधिकारी, जिसे वे उचित समझें, शामिल होंगे।

अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए गृह मंत्रालय से मंजूरी मिली

नयी दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल (56) को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद यहां विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इस मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर केजरीवाल यहां नयी दिल्ली सीट से दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने हाल में दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल पर धन शोधन निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को आवश्यक मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से एजेंसी द्वारा यह अनुरोध किया गया था और इस अनुरोध को मंजूरी देने के लिए मंत्रालय सक्षम प्राधिकार है।

हम सिर्फ भाजपा, आरएसएस के खिलाफ नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' से भी लड़ रहे हैं: राहुल

नयी दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। राहुल गांधी ने पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। ....क्योंकि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है।'' उन्होंने कहा, ''हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' से भी लड़ रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नये मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है।'' राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उसने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने सवाल किया, ''चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने से क्यों इनकार करेगा? हमें सूची न देकर किस उद्देश्य की पूर्ति होती है और वे इसे क्यों रोके हुए हैं?'' राहुल गांधी के अनुसार, पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है और यह बताना उनकी पवित्र ज़िम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।


Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

Cuvis Robotic System

ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org

सवालों में घिरे बांग्लादेश के मंसूबे

गत वर्ष अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के दौरान भारत विरोधी रवैये में कमी नहीं आ रही है। लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के बाद अब नया विवाद दोनों देशों की सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर पैदा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बन चुकी थी। बड़े हिस्से पर पहले ही बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुकमरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं। बीते रविवार बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। कयास लगाये जा रहे हैं कि बांग्लादेश ये हरकतें किसी तीसरे देश के इशारे पर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच 4156 किलोमीटर लंबी सीमा में से 3271 किलोमीटर पर कंटीले तार की बाड़ लग चुकी है और अब 885 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगना शेष है। अवैध घुसपैठियों, अपराधियों और चरमपंथियों की रोकथाम हेतु सीमा पर बाड़ लगाना भारत का अधिकार है। मामले का निस्तारण बांग्लादेश को समझदारी से करना चाहिए। दरअसल, बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। ऐसे वक्त में जब पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। अब तक पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिश पाक करता रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग न करे। निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास उपजा है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

यहां उल्लेखनीय है कि बाड़बंदी के भारत के फैसले को व्यापकता में देखने की जरूरत है। यह बात भी ध्यान रखने काबिल है कि दोनों देशों में सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर विगत में एक राय बनी हुई है। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। बल्कि अंतरिम सरकार के प्रमुख भारतीय मीडिया पर घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप लगाते हैं। ऐसे वक्त में जब बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह हकीकत है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातक साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने कट्टरपंथियों की लाइन लेकर निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा।

आज का पंचांग

कोलकाता : 16 जनवरी, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष तृतीया, 28:08 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 11:16 तक, योग : आयुष्मान, 25:07 तक, सूर्योदय: 6:20, सूर्यास्त: 17:14 चन्द्रोदय : 19:34, चन्द्रास्त: 08:05, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 13:07 से 14:28

राशिफल

मेष : मेष राशि के लोगों के लिए दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और आपको किस्मत का भी साथ मिलेगा। हर काम को काफी संभलकर करें।

वृष : वृषभ राशि के लोगों का दिन सावधानी से भरा होगा। लेकिन आपकी कार्यशैली से आप सब कुछ अपने कंट्रोल में कर लेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी।

मिथुन : मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन परेशानियों से भरा होगा और आपके जीवन में कुछ ऐसी समस्याएं आ सकती हैं कि आप खुद को चारों तरफ से घिरा रहेगा।

कर्क : कर्क राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और कारोबार में आपको मनचाहा लाभ होने से आपको खुशी होगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई कारोबार या फिर व्यापार आप सकते हैं।

सिंह : सिंह राशि के लोगों के लिए दिन मिश्रित फलकारक है और आपका दिन काफी दौड़भाग और व्यस्तता में बीतेगा। समाज में आपके लिए स्वच्छ छवि का निर्माण होगा।

कन्या : कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी धन संपत्ति में वृद्धि होगी। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कारोबार में आपका मुनाफा काफी शानदार होगा।

तुला : तुला राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा है और आज आपका दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से आपको आत्मसंतुष्टि का अनुभव होगा।

धनु : धनु राशि के लोगों को करियर को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे।

मकर : मकर राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा। कारोबार में किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें।

कुम्भ : कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से मन में काफी प्रसन्नता का भाव रहेगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा।

मीन : मीन राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ होगा और आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार की मदद प्राप्त होगी। आपको अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

मप्र नए आयाम छूने तैयार शहडोल को लगे विकास के पंख

ऋतुपर्ण दवे

हर कहीं विकास की संभावनाएं होती हैं। मध्यप्रदेश में भी अपार संभावनाएं हैं। संसाधनों व प्राकृतिक वरदान के चलते शहडोल में तो और भी ज्यादा हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्र होने के बावजूद खनिज तथा दूसरे प्राकृतिक संसाधन यहां भरपूर हैं। जहां एक ओर कोयले का अकूत भण्डार है तो दूसरी ओर संभाग में तीन अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े बिजली उत्पादन केन्द्र हैं। अमरकण्टक थर्मल पॉवर प्लाण्ट, चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत केन्द्र बिरसिंहपुर पाली तो जैतहरी में मोजर बेयर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जिसे अब, हिंदुस्तान पावर प्रोजेक्ट्स के नाम से जाना जाता है। शहडोल से करीब सिंगरौली भी वह जगह है जहां कोयला और बिजली दोनों का उत्पादन होता है। कहने का तात्पर्य यह कि विन्ध्य में यदि सबसे ज्यादा विकास की संभावनाएं कहीं हैं तो वह है शहडोल। कभी शहडोल का अकेला जिला आज संभाग में तब्दील हो अपने पुराने स्वरूप को नए नाम से पा तो चुका है। लेकिन बावजूद इसके अपने महत्व और उपलब्धियों को लेकर नए नाम और पहचान के लिए संघर्षरत है।

यह सच है कि भाजपा शासन के कार्यकाल के दौरान ही शहडोल को उसकी प्राकृतिक उपलब्धियों और प्रचुरता के चलते नया आयाम मिला। आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर शहडोल देश और विदेश को अपनी ओर इन्ही खूबियों के चलते आकर्षित कर रहा है। 16 जनवरी को हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए अब तक 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। इधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा है कि उद्योग लगाने के लिए जो निवेशक मध्यप्रदेश आ रहे हैं उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने देंगे। निवेशकों की सुविधा के लिए हर जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर प्रारंभ किए गए हैं। जिला कलेक्टरों को इनका नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई गई हैं। इसमें मध्यप्रदेश देश में चौथे स्थान पर है।

जहां तक शहडोल में उद्योग की संभावनाओं की बात है तो यहां पर एक ओर जहां कोयले की प्रचुरता है तो दूसरी बड़े-बड़े पॉवर प्रोजेक्ट हैं। इसके अलावा रिलायंस का सीबीएम प्रोजेक्ट पहले ही शहडोल को देश में अलग मुकाम दिला चुका है। जमीन की भी कोई कमीं नहीं है। शहडोल के अलावा बेहद करीब कोलफील्ड और ऊर्जा के हब के रूप में सिंगरौली भी है जो किसी तोहफे जैसा है। निश्चित रूप से किसी भी उद्योग के लिए ऊर्जा और जगह की खासियत अहम होती है। दोनों मामलों में शहडोल बेहद सौभाग्यशाली है। इतना ही नहीं कभी यहां एशिया की दूसरी सबसे बड़ा कागज कारखाना ओरियन्ट पेपर मिल बनी जो आज भी पूरी गति से संचालित है। कागज उद्योग की और भी संभावनाओं के साथ यहां पर खनिज प्रसंस्करण, गैस आधारित उद्योग और हरित ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश की भी अपार संभावनाएं हैं।

निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह सोच उनकी दूरदर्शिता ही है जो उन्होंने प्रदेश के इस दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित आखिरी संभाग की खूबी को न केवल पहचाना बल्कि मूर्त रूप देने का प्रयास किया। शहडोल को विकास की गति देने में उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की भी महती भूमिका है। निश्चित रूप से मध्यप्रदेश का यह 7वां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव अपने आम में मिशाल होगा जो बेमिशाल होगा। बस एक कसक प्रकृति के अकूत वरदानों से भरे जनजातीय, आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व के इलाके की रह गई है कि काश संभाग का नाम नर्मदा संभाग होता और अनूपपुर जिले का नाम मां नर्मदा के नाम रेवाखंड जिला तथा उमरिया का नाम विश्व प्रसिध्द राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के नाम होता तो यह सोने में सुहागा जैसा होता। विश्वास है कि देर-सबेर यह भी होगा।

इतना ही नहीं शहडोल की उपलब्धियां अपने आप में विश्व व्यापी है। यहां से ही देश की उस नदी 'नर्मदा' का उद्गम होता है जिसके दर्शन मात्र से पुण्य प्राप्त होता है। वहीं सोन का भी उद्गम यहीं से होता है। अमरकण्टक शहडोल के पर्यटन उद्योग को चार चांद लगाने के लिए अलग धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र जैसी पहचान भी रखता है। इस पवित्र नगरी के कायाकल्प के लिए भी राज्य सरकार पुरजोर कार्य कर रही है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ेगा बल्कि मध्यप्रदेश के इस अनूठे प्राकृतिक स्थल को लोग बार-बार देखने आते हैं और आते रहेंगे। विश्व विख्यात नर्मदा और सोन का उद्गम अमरकण्टक वैसे भी दुनिया में अलग स्थान रखता है। जहां अमरकण्टक से निकली नर्मदा गुजरात के लिए वरदान कहलाती है तो सोन बिहार के लिए लाइफ लाइन से कम नहीं है।

अमरकण्टक की मेकल, विन्ध्य और सतपुड़ा पहाड़ियों की सुन्दरता और दर्जनों बल्कि सैकड़ों ऐसे स्थान हैं जहां प्राकृतिक हरियाली, कीमती जड़ी-बूटियां, प्राचीन तप स्थलियां और पहाड़ों की सुन्दरता देखते ही बनती है। जैसे-जैसे शहडोल औद्योगिक रूप लेगा निश्चित रूप से अमरकण्टक की वादियां और पुण्यता भी इसके विकास को चार चांद लगाएंगी। वहीं विश्व विख्यात बांधवगढ़ भी शहडोल के गौरव को बढ़ाता है। दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। इसीलिए बांधवगढ़ अम्बानी परिवार को भी खूब भाया।

शहडोल से सटा लालपुर भी दशकों तक विन्ध्य का जाना माना निजी हवाई अड्डा था। यहां देश के बड़े उद्योगपति और कागज कारखाना अमलाई के मालिक अपने निजी विमान से उतरा करते थे। बाद में देश के कई प्रधानमंत्री भी इस जगह पर उतरे। आज मध्यप्रदेश शासन के भावी हवाई अड्डों में शहडोल के इसी लालपुर का नाम है जहां पर 1 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे और पकरिया गांव के ग्रामीणों से न केवल संवाद किया बल्कि खटिया पर बैठकर देशी पत्तल में जनजातीय क्षेत्र के श्री अन्न कोदो का भात, कुटकी की खीर और दूसरे देशी व्यंजन खाए थे। आज शहडोल अपने नए रूप और अधिकार को पाने के लिए बांहे बिछाए सबके स्वागत को तैयार है तो लालपुर को इंतजार है कि शहडोल के विकास को हवाई जहाज के पंखों से गति मिले ताकि देश-विदेश के लोग सीधे शहडोल पहुंच सकें। वाकई शहडोल बदल रहा है और गढ़ने को तैयार है विकास के नित नए आयाम।

-लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

ललित गर्ग

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की यूनुस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति कोशांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेशसरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है।

बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे। भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

विदेश की खबरें

बांग्लादेश के आयोग ने संविधान से धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद को हटाने का सुझाव दिया

ढाका : बांग्लादेश में संविधान सुधार आयोग ने बुधवार को अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और राष्ट्रवाद के राज्य सिद्धांतों को बदलने का प्रस्ताव दिया गया है। छात्रों के नेतृत्व में हुए आंदोलन के चलते शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार द्वारा गठित आयोग ने देश के लिए द्विसदनीय संसद और प्रधानमंत्री के कार्यकाल को दो अवधि तक सीमित करने का भी प्रस्ताव रखा है। ये तीन सिद्धांत देश के संविधान में 'राज्य नीति के मूलभूत सिद्धांतों' के रूप में स्थापित चार सिद्धांतों में से हैं। नए प्रस्तावों के तहत, केवल एक 'लोकतंत्र' को अपरिवर्तित रखा गया है। आयोग के अध्यक्ष अली रियाज ने एक वीडियो बयान में कहा, 'हम 1971 के मुक्ति संग्राम के महान आदर्शों और 2024 के जनांदोलन के दौरान लोगों की आकांक्षाओं के प्रतिबिंब के लिए पांच राज्य सिद्धांतों- समानता, मानव गरिमा, सामाजिक न्याय, बहुलवाद और लोकतंत्र का प्रस्ताव कर रहे हैं।'

भारत के रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख ने हम पर 'बेबुनियाद आरोप' लगाए : पाकिस्तान

इस्लामाबाद : पाकिस्तान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के इन आरोपों को 'बेबुनियाद' करार देते हुए बुधवार को खारिज कर दिया कि पाकिस्तान आतंकवाद का केंद्र है और वह आतंकवाद को प्रायोजित कर भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को पाकिस्तान पर आतंकवाद को प्रायोजित कर भारत को अस्थिर करने के लगातार प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना होगा या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। वहीं, सेना प्रमुख द्विवेदी ने सोमवार को पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र करार देते हुए कहा था कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा का कुचक्र पड़ोसी देश से 'संचालित' किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने केंद्र-शासित प्रदेश की समग्र स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रण में बताया था। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद का केंद्र होने संबंधी जनरल द्विवेदी की टिप्पणी को खारिज किया। उसने कहा, इस तरह के राजनीति से प्रेरित और भ्रामक बयान भारतीय सेना के अत्यधिक राजनीतिकरण को दर्शाते हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा, पाकिस्तान ऐसी बेबुनियाद टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताता है। पाकिस्तान में गैर-मौजूद आतंकवादी ढांचे की कल्पना करने के बजाय आत्म-भ्रम में न पड़ना और जमीनी हकीकत की सराहना करना बुद्धिमानी होगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि भारतीय नेतृत्व की ऐसी बयानबाजी जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान नहीं भटका सकती। पाकिस्तान ने कहा कि इस तरह की उकसावे वाली टिप्पणियां क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक हैं।

वर्ग पहेली नं. 2977



➲ *बायें से दायें:-* 1) उत्कर्ष काल; नवयौवन, 3) सभासत्र; सम्मेलन; *सैशन*, 6) छिपना, 8) कलाकृति; देहानुपात; साहित्यसृजन, 9) मरुत, 11) विवरण, 12) उन्माद; नशा, 14) टिकाना, 16) परिस्थिति, 18) प्रतिरोधन; कवच; रोकथाम, 19) गंध, 21) पचीसवाँ, 23) कीचड़, 24) मिट्टी खोदने का एक औजार, 25) वास्ता; संबंध; *कांटैक्ट*, 26) नंगा, 27) गधा, 29) खुले में, 30) तिखंडीय *(इमारत: नीचे से ऊपर)*.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) मीठा आलू, 2) कुख्यात, 3) उन्मोचन; निरावरण, 4) संगम; चोटी, 5) अस्वीकारात्मक; *निगेटिव*, 7) पानपात्र; पुरस्कार-दर्शक प्याला, 10) नाखून, 13) मसिपात्र; *इंकपौट*, 15) मैथुनाक्षम, 17) सरस्वती, 20) सहानुभूतिकर्ता, 22) वर्षामेघ, 23) केकड़ा; एक राशि, 24) कुटुंब, 25) सामंजस्य, तालमेल; 27) आहार नली, 28) साहसभंग. *(उत्तर: अगले अंक में)*

पिछली पहेली का उत्तर

द	बं	ग			प	ह	ल	वा	न	
ह		र	ज	नी	च	र		ला	र	
क	ल	मा			प		ही		मा	
ना		ग	र	द	न		र	जा	ई	
	प	र	व	श		स	क	ल		
ग	र	मी		म	हि	मा			ना	
	शु		झी	ल		प	र	हे	ज	
सु	रा	ग		व	म	न		रं		
रा	म	लीला			स्था		बे	ब	स	

सुडोकू-पहेली-2937

4				2	3			
	6					1		
			6	1		5		
3		8					4	
			9					
					9		2	
		7						3
	1							

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2936 का उत्तर

9	3	7	5	4	6	2	1	8
4	1	8	2	7	3	5	9	6
5	6	2	9	8	1	3	7	4
2	7	9	6	5	8	4	3	1
1	8	4	7	3	9	6	2	5
6	5	3	4	1	2	7	8	9
3	2	5	8	9	4	1	6	7
8	4	1	3	6	7	9	5	2
7	9	6	1	2	5	8	4	3

अभिषेक बनर्जी ने स्वीकारा तृणमूल में अंदरूनी कलह, अनुशासन तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

✒ कहा... 'अहंकार और गुटबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

✒ तृणमूल पार्षद की हत्या की जांच निष्पक्ष और दोषी को सजा मिलने का दिया आश्वासन

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी में गुटबाजी होने की बात स्वीकार कर ली है। उन्होंने इसे एक बड़े दल में स्वाभाविक करार देते हुए साफ संदेश दिया कि पार्टी अनुशासन तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बुधवार को दक्षिण 24 परगना के फलता में 'सेवाश्रय' शिविर में पहुंचे अभिषेक ने कहा कि

पार्टी में कोई भी व्यक्ति इससे ऊपर नहीं है। अगर कोई खुद को महत्व-पूर्ण समझने लगेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पार्टी में सभी को विनम्र और अनुशासित रहना होगा। अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में मालदह में हुई हिंसक घटनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिषेक ने इस घटना पर कहा कि हमारी सरकार निष्पक्ष जांच कर रही है। राज्य में किसी को झूठे मामलों में फंसाने की राजनीति नहीं होती। जांच निष्पक्ष तरीके से होती है और दोषी कोई भी हो, कार्रवाई होगी।

'अन्य दलों में गुटबाजी नहीं है क्या?

अभिषेक बनर्जी ने अन्य दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केवल तृणमूल में ही गुटबाजी नहीं होती। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा में गुटबाजी नहीं है? जब वामपंथी सरकार की पार्टी में मतभेद नहीं थे? उन्होंने कहा कि जब एक परिवार में छह लोग होते हैं, तो चार के बीच झगड़े होते हैं, फिर तृणमूल जैसा बड़ा दल, जिसमें हजारों पदाधिकारी हैं, वहां मतभेद होना स्वाभाविक है। तृणमूल कांग्रेस में गुटबाजी पर कड़ा रुख अपनाते हुए अभिषेक ने कहा कि अगर कोई पार्टी को कमजोर करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। किसी भी अपराध में शामिल व्यक्ति के खिलाफ पुलिस और प्रशासन कार्रवाई करेगा।

जिंदगियों को खतरे में डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए : अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि जिंदगियों को खतरे में डालने वाली लापरवाही के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। दरअसल, मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई घटना पर एक सवाल के जवाब में अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सरकार ने इस चूक की जांच के आदेश दे दिए हैं। लेकिन, एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूरी स्वास्थ्य प्रणाली को ध्वस्त बताना गलत होगा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और विभागीय कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए।

'कोई भी व्यक्ति अनुशासन से ऊपर नहीं'

उन्होंने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस में कोई भी व्यक्ति अनुशासन से ऊपर नहीं है, चाहे वह बूथ स्तर का कार्यकर्ता हो या फिर राष्ट्रीय महासचिव। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई सोचता है कि वह पार्टी पर अपना एकाधिकार जमा सकता है, तो उसे सावधान रहना चाहिए। यह वही गलती है, जो कभी माकपा करती थी और अब भाजपा दूसरे राज्यों में कर रही है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस जनता के प्रति जवाबदेह है और हम इस गलती को नहीं दोहराएंगे।

एक्सपायर सेलाइन पर बवाल : शुभेंदु अधिकारी ने ममता की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की

नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भाजपा ने निकाला 'स्वास्थ्य भवन' अभियान

✒कहा... 'महिला की मौत के लिए मुख्यमंत्री हैं जिम्मेदार'

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य के एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर एक्सपायर सेलाइन चढ़ाने से प्रसव के बाद एक महिला की हाल में हुई मौत पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच घमासान तेज है। घटना को लेकर राज्य सरकार पर लगातार हमलावर नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की। घटना को लेकर स्वास्थ्य भवन में ज्ञापन सौंपने गए भाजपा विधायकों के

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले शुभेंदु ने संवाददाताओं से कहा कि स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते ममता बनर्जी आरोपों से खुद को मुक्त नहीं कर सकती हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब महिला की मौत के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। एक्सपायर हो चुके सेलाइन का इस्तेमाल राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की खराब स्थिति और सरकार की आपराधिक लापरवाही को साबित करता है। शुभेंदु ने कहा कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत पद छोड़ देना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए शुभेंदु ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम और एमएमसीएच के अधीक्षक की गिरफ्तारी और इस्तीफे की भी मांग की, जहां महिला की मौत हो गई।

उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच समिति और सीबीआइ और सीआईडी दोनों से मिलकर एक एसआईटी गठित करने की भी मांग की। सीआईडी जांच के लिए राज्य सरकार के फैसले के बारे में शुभेंदु ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथ्यों को दबाना चाहता है, जैसे उन्होंने आरजीकर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या को दबाने की कोशिश की थी। लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी।

अंदरूनी कलह को लेकर ममता ने पार्टी विधायकों को दी कड़ी चेतावनी

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व मेदिनीपुर के कांथी में सहकारी बैंक चुनाव को लेकर दो तृणमूल विधायकों के बीच टकराव सामने आने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस असहज हो गई है। ममता बनर्जी ने इस घटना को लेकर दोनों विधायकों को कड़ी चेतावनी दी है। बता दें कि गत मंगलवार को जिले के रामनगर के विधायक अखिल गिरि और पटाशपुर के विधायक उत्तम बारिक के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने बुधवार की दोपहर दक्षिण कोलकाता में प्रियनाथ मल्लिक रोड स्थित अपने कार्यालय में पूर्व मेदिनीपुर जिले के दोनों तृणमूल नेताओं के साथ बैठक की। उधर, ममता ने प्रदेश अध्यक्ष को फोन किया। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, उन्होंने बैठक में मौजूद नेताओं से आपसी मतभेद दूर कर पार्टी के निर्देशानुसार काम करने को कहा। उन्होंने दोनों विधायकों से भी बात की और उन्हें कड़ी चेतावनी दी। बता दें कि कांथी सहकारी बैंक के चुनाव को लेकर विधायक अखिल गिरि और विधायक उत्तम बारिक के समर्थकों के बीच हुई झगड़ा हुआ था।

Name Change

I, Nasim Mansuri, son of Alirul Mansuri, resident of Ward No.14, Near Masjid, Bahlopur, Dhaka, East Champaran, Bihar-845418, do hereby solemnly affirm and declare that Nasim Mansuri and Md Nasim Masuri is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Howrah 13th January 2025.

Name Change

I, Saroj Kumar Sinha, son of Ganesh Prasad Sinha, presently residing at 141/3, S. N. Roy Road, Sahapur, New Alipore, Kolkata-700038, and old address was 5, Priya Nath Mullick Road, Kolkata-700025, do hereby solemnly affirm and declare that my actual DOB is 17th January 1972 via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 22nd March 2024.

CHANGE OF NAME

I, M. Kalimuthu, Army No. 8035730F, Rank- HAV (HK), permanent Resident of Village-110 Therkkuchandanur, Post-S.Karaikudi, Teh- Manamadurai, Dist. Sivaganga, State- Tamilnadu, Pin: 623606. I have changed my daughter's Name from K Lavanyah to Lavanyah K by Vide affidavit Before the Ld. Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated- 13.01.2025

CHANGE OF NAME

I, K Vikash Priyan, son of, Army No. 8035730F, Rank- HAV (HK), M. Kalimuthu, permanent Resident of Village- 110 Therkkuchandanur, Post Office- S. Karaikudi, Teh-Manamadurai, Dist.- Sivaganga, State- Tamilnadu, Pin: 623606. I have changed my Name from K Vikas Priyan to Vikash Priyan K by Vide affidavit Before the Ld. Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated- 13.01.2025

तृणमूल विधायक मोशर्रफ हुसैन अल्पसंख्यक विकास निगम के अध्यक्ष नियुक्त

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक विकास निगम के अध्यक्ष पद में बदलाव किया है। अब तक इस पद की जिम्मेदारी अल्पसंख्यक विभाग के प्रधान सचिव पी.बी. सलीम संभाल रहे थे। उनकी जिम्मेदारियों में कटौती करते हुए, इटाहार के तृणमूल विधायक व राज्य तृणमूल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोशर्रफ हुसैन को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पी.बी. सलीम ने स्वयं इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की। इसमें बताया गया कि निगम की पूर्व समिति के अधिकांश सदस्यों को पुनः नियुक्त किया गया है और ये परिवर्तन 31 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, सलीम के पास अधिक जिम्मेदारियां होने के कारण यह बदलाव किया गया है। 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, अल्पसंख्यक विकास निगम में यह परिवर्तन लाया गया है। उनकी जगह उत्तर बंगाल के अल्पसंख्यक नेता और विधायक मोशर्रफ हुसैन को अध्यक्ष बनाया गया है, जिसके पीछे राजनीतिक रणनीति होने की संभावना जताई जा रही है। नई जिम्मेदारी मिलने पर मोशर्रफ हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसके निर्देश पर मैं राज्य में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए हर क्षेत्र में जाना चाहता हूं। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी कुछ कार्य बाकी हैं। इसलिए मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। मैं लोगों की आवश्यकताओं को समझ कर कार्य करने का प्रयास करूंगा और अल्पसंख्यक समाज को और आगे ले जाना चाहता हूं।

राशन भ्रष्टाचार मामले में ज्योतिप्रिय मल्लिक को मिली जमानत

14 माह बाद 50 हजार के व्यक्तिगत बॉन्ड में पूर्व मंत्री को मिली सशर्त जमानत

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने राज्य के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को राशन वितरण घोटाले से जुड़े मामले में जमानत दे दी है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच कर रहा है। अदालत ने ज्योतिप्रिय मल्लिक को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी। इसके बाद, शाम करीब 5.30 बजे पूर्व मंत्री प्रेसीडेंसी जेल से बाहर निकले। उल्लेखनीय है कि ज्योतिप्रिय मल्लिक 2011 से 2021 तक राज्य के खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे। ईडी ने उन्हें 27 अक्टूबर 2023 को कोलकाता के साल्टलेक स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय वह राज्य सरकार में वन मंत्री के पद पर थे। विशेष

पीएमएलए न्यायाधीश प्रसंता मुखर्जी ने ज्योतिप्रिय मल्लिक को 50 हजार रुपये के बेल बॉन्ड और 25-25 हजार रुपये के दो जमानतदार पेश करने की शर्त पर जमानत दी। ज्योतिप्रिय मल्लिक के वकीलों ने दलील दी कि वह लंबे समय से हिरासत में हैं और जल्द मुकदमे की शुरुआत की भी संभावना नहीं है। दूसरी ओर, ईडी ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए उन्हें इस मामले का मुख्य आरोपित बताया। विशेष अदालत के न्यायाधीश ने केंद्रीय एजेंसी के वकील की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और कहा कि चूंकि, मामले में तत्काल सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होने की कोई संभावना नहीं है, इसलिए पूर्व मंत्री को सलाखों के पीछे रखने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, विशेष अदालत के न्यायाधीश ने मल्लिक पर कुछ शर्तें लगाई हैं। इसके तहत मल्लिक अदालत की पूर्व अनुमति के बिना राज्य से बाहर नहीं जा सकेंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट जांच अधिकारियों के पास जमा करना होगा और मामले में उनका सहयोग भी करना होगा। वह मामले में गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके अलावा, मल्लिक मामले पर मीडिया से बात नहीं कर पाएंगे।

फर्जी पासपोर्ट मामले में सक्रिय हुई ईडी, कोलकाता पुलिस से संपर्क साधा

कोलकाता, समाज्ञा : फर्जी पासपोर्ट मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी सक्रिय हो गया है। ईडी ने फर्जी पासपोर्ट के संबंध में कोलकाता पुलिस से जानकारी ली है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने पुलिस से फर्जी पासपोर्ट से संबंधित दस्तावेज ले लिए और उनकी की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, ईडी ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। दस्तावेजों की जांच के बाद मामला दर्ज किया जा सकता है। दरअसल, फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला गिरोह लंबे समय से राज्य में सक्रिय है। जांचकर्ताओं ने कोलकाता और

उपनगरीय क्षेत्रों के कई इलाकों में छापेमारी कर संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अकेले उत्तर 24 परगना जिले से ही कई गिरफ्तारियां की गई हैं। गत 15 दिसंबर को समरेश विश्वास और दीपक मंडल को फर्जी भारतीय पहचान पत्र और पासपोर्ट बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उनसे पूछताछ करके एक के बाद एक सनसनीखेज जानकारियां हासिल कीं। राज्य के कई जिलों से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, एसबीआई और इंडियन बैंक की मुहरें, कई भारतीय पासपोर्ट और ब्रिटिश वीजा की फोटोकॉपी बरामद की गईं। लालबाजार को पहले ही अंदाजा हो गया था कि फर्जी पासपोर्ट धोखाधड़ी का जाल बहुत गहरा है। चूंकि, यह घटना बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित है, इसलिए प्रवर्तन निदेशालय इस मामले की जांच करने में रुचि रखता है। ईडी के अधिकारी फिलहाल कोलकाता पुलिस से जानकारी हासिल कर पूरे मामले को समझने की कोशिश कर रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो ईडी आने वाले दिनों में मामला दर्ज कर सकती है।

आरजीकर मामला : फैसला आने से पहले डरा आरोपी संजय रॉय! खाना-पीना किया कम

कोलकाता, समाज्ञा : आरजीकर दुष्कर्म और हत्या मामले में बहुप्रतीक्षित फैसले की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सियालदह कोर्ट 18 जनवरी को अपना फैसला सुनाएगा। वहीं फैसले के दिन के करीब आने के साथ ही मुख्य आरोपी संजय रॉय की जीवनशैली में काफी बदलाव देखा गया है। बता दें कि इन दिनों आरोपी संजय रॉय प्रेसीडेंसी सुधार गृह में बंद है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी धीरे-धीरे खुद को अलग-थलग कर रहा है और उसने भोजन और दवा का सेवन कम कर दिया है। इस तरह उसका जीवन से धीरे-धीरे लेकिन लगातार दूर होना एक विचारणीय विषय बन गया है। हालांकि, जेल अधिकारियों ने रॉय को चौबीसों घंटे निगरानी के लिए एक विशेष कोठरी में रखा है,

क्योंकि फैसले को लेकर अन्य कैदियों में उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है। सुधार गृह के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि हमने रॉय पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उसके सेल में किसी अन्य कैदी को नहीं रखा गया है और आगंतुकों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। इसके लिए कई निषेधाज्ञाएं जारी की गई हैं।

GARHBETA- I DEVELOPMENT BLOCK

Garhbeta, Paschim Medinipur

ABRIDGED TENDER NOTICE

e-NIT No.- WBPMID/GBTI/BDO/RIDF XXX/e-NIT-32/2024-25, Dated-13/01/2025

I (One) no e-Tender is invited by the Block Development Officer, Garhbeta-I Dev. Block from the reliable bonafide resourceful bidders of the following works under RIDF-XXX fund in Garhbeta Gram Panchayat having e-Tender ID:2025_DMPMM_799853_1. Details may be had from the website https://wbtenders.gov.in. Publishing Date 13.01.2025 at 6:00PM. Bid submission start 14.01.2025 from 10:00 AM. Bid submission end 27.01.2025 upto 02:00 PM.

Sd/-

Block Development Officer, Garhbeta-I Development Block

कूचबिहार में दो युवकों की हत्या, धारदार हथियार से एक-दूसरे पर किया हमला

कूचबिहार : कूचबिहार जिले में मंगलवार की रात दो युवकों की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। विवाद के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर खून से लथपथ पड़े युवकों को स्थानीय लोगों ने देखा और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान यूसुफ मिया और हसनुर रहमान के रूप में हुई है, जो भेटागुड़ी दो ग्राम पंचायत के उत्तर बालाडांगा इलाके के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे और उनके बीच किसी पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हुआ। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दिनहाटा के एसडीपीओ धीमान मित्रा ने बुधवार को बताया कि दोनों युवकों की मौत हो चुकी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि हत्या की असली वजह क्या थी और इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकता है।

जमीन भरकर बनाई गई बाघाजतिन की बिल्डिंग, प्रमोटर और निवासियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

❑ निगम द्वारा इमारत गिराने का काम जारी

कोलकाता, समाज्ञा : बाघाजतिन इलाके में मंगलवार दोपहर एक बिल्डिंग के ढहने की घटना ने सनसनी फैला दी। बताया जा रहा है कि यह इमारत एक जलभराव क्षेत्र को भरकर बनाई गई थी। कोलकाता नगर निगम ने इसे अवैध निर्माण बताते हुए बुधवार सुबह से इमारत को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। इस मामले में प्रमोटर और इमारत के आठ निवासियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। घटना कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 99 में बाघाजतिन क्षेत्र के विद्यासागर कॉलोनी की है, जहां मंगलवार को एक बिल्डिंग अचानक झुक गई। इसकी निचली मंजिल लगभग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नगर निगम

का दावा है कि इमारत का निर्माण बिना अनुमति के किया गया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि बिना प्रशासन को सूचित किए इमारत की मरम्मत का काम चल रहा था। मरम्मत के दौरान हाइड्रोलिक जैकिंग तकनीक का उपयोग किया गया, लेकिन इसके लिए मृदा परीक्षण नहीं किया गया था। प्रमोटर सुभाष राय और उनकी कंपनी नागरा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को इस लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है। मंगलवार रात से ही इमारत को तोड़ने का काम शुरू हो गया था और बुधवार सुबह इसे तेजी से जारी रखा गया। इस घटना के विरोध में सीपीएम ने प्रदर्शन भी किया। नगर निगम ने साफ किया है कि अवैध और असुरक्षित निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ऊर्जीकरण के संबंध में जन अधिसूचना

सियालदह में एनसीसी/पिट-01 की लाइन

पूर्व रेलवे के निम्न वर्णित खण्ड के पूरा हो चुके खण्ड पर स्थित रेल लाइनों एवं परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 14.02.2025** को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकृत किया जाएगा। **दिनांक 14.02.2025** से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन हर समय सक्रिय मानी जाएगी एवं कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के पास न जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा।

खण्ड: पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत गुड्स एवं पैसेंजर ट्रैफिक के सार्वजनिक परिवहन हेतु एलओसी. नं. एनसीसी/3/5, सीएच.0/74.0 (सियालदह से) से एलओसी. नं. एनसीसी/1/1, सीएच.0/701.0 (सियालदह से)[0.701 टीकेएम] तक सियालदह में एनसीसी/पिट-01 की मौजूदा अन-वायर्ड रेलवे लाइन का विद्युतीकरण (विद्युतीकृत खंड)।

ऊर्जीकरण की तिथि: 14.02.2025

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह

पूर्व रेलवे

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल में 03 (तीन) वर्षों के लिए **बैद्यबाटी स्टेशन, मानकुण्डू स्टेशन, नलहाटी स्टेशन, तारापीठ स्टेशन, कामारकुंडू स्टेशन, बाली स्टेशन** एवं **अम्बिका कालना स्टेशन** पर सामान्य पे एंड यूज़ टॉयलेट के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। उक्त ई-नीलामी रेलवे बोर्ड की फ्रेट मार्केटिंग परिपत्र संख्या 11 ऑफ़ 2022 तथा वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 14 ऑफ़ 2022 के अनुसार शासित है। और अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया **ई-नीलामी लीज़िंग मॉड्यूल के जरिये** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-07-आर-25। क्रम संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी** तथा **स्टेशन** निम्नानुसार हैं: **(1)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीबीईई-टीओआई-34-25-1 एवं बैद्यबाटी स्टेशन (बीबीईई)। **(2)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एमयू-टीओआई-26-24-1 एवं मानकुण्डू (एमयू)। **(3)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एनएचटी-टीओआई-42-24-1 एवं नलहाटी (एनएचटी)। **(4)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-टीपीएफ-टीओआई-47-24-1 एवं तारापीठ रोड। **(5)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केक्यू-टीओआई-23-25-1 एवं कामारकुंडू (केक्यू)। **(6)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-टीओआई-46-24-3 एवं बाली (बीएलवाई)। **(7)**; पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एबीकेए-टीओआई-25-23-1 एवं अम्बिका कालना (एबीकेए)। **नीलामी की तारीख एवं समय:** 28.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे (सभी के लिए)। (HWH-544/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

ऊर्जीकरण के संबंध में जन अधिसूचना

सोण्डालिया में कॉमन लूप लाइन

पूर्व रेलवे के निम्न वर्णित खण्ड के पूरा हो चुके खण्ड पर स्थित रेल लाइनों एवं परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 28.01.2025** को या उसके बाद 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकृत किया जाएगा। दिनांक 28.01.2025 से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन हर समय सक्रिय मानी जाएगी एवं कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के पास न जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा।

खण्ड	किमी/चैनेज	
	से	तक
पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत गुड्स एवं पैसेंजर ट्रैफिक के सार्वजनिक परिवहन हेतु बारासात से सोण्डालिया खण्ड में किमी. 11.781 (बारासात से) से किमी. 12.696 (बारासात से) तक **सोण्डालिया** में कॉमन लूप लाइन को आरंभ करना।	11.781	12.696

ऊर्जीकरण की तिथि: 28.01.2025

"सड़क उपयोगकर्ताओं के प्रति सतर्कता"

जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गुड्स एवं पैसेंजर ट्रैफिक के सार्वजनिक परिवहन हेतु पूर्व रेलवे के उपर्युक्त खण्ड पर 25000 वोल्ट, ए.सी. इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शुरू किए जाने के सिलसिले में, सभी लेवल क्रॉसिंगों पर सड़क स्तर से **4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई** के साथ हाइट गेज बनाए गए हैं, ताकि अत्यधिक ऊँचाई पर लदे बोझ सक्रिय ट्रैक्शन वायर के संपर्क में न आ पाए या खतरनाक तरीके से समीप न जा पाए। जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वाहनों में लदान के समय निर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और देख लें कि सड़क वाहन में लादे गए सामान किसी भी परिस्थिति में हाइट गेज का उल्लंघन न करें। **अत्यधिक ऊँचाई पर लादे गए बोझ के खतरे निम्नानुसार हैं:** (i) हाइट गेज के लिए खतरा और इसके फलस्वरूप सड़क एवं रेलवे लाइन में बाधा। (ii) वहन की जा रही सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन के लिए खतरा। (iii) कंडक्टर के संपर्क में आने या खतरनाक तरीके से समीप आने पर आग लगने का खतरा एवं जीवन पर जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, सियालदह

पूर्व रेलवे

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 13.01.2025। मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-230-24-25। कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यू/I/ सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/डब्ल्यू/सियालदह के अधीन सियालदह में नए लेडीज आरपीएफ बैरक (40 शय्या)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,27,79,925.09। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,13,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: टीएन-231-24-25। कार्य का नाम:** घोलसापुर रेलवे कॉलोनी में- एसएसई/डब्ल्यू/नोआपाड़ा एवं एईएन/डब्ल्यू/II/सियालदह के अधीन भवन संख्या 8, 10, 11, 12, 14, 17, 19, 23, 25, 26, 30, 31, 35, 36, 43, 44, 45 एवं 54 की सम्पूर्ण मरम्मत, कलर वाशिंग, रंगाई आदि तथा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त सनशेड, लिंटल, बीम, वेंटीलेटर, जाफ़न, दरवाजों एवं खिड़कियों, ग्रिल, रिसती हुई छत की सतह की मरम्मत, क्वार्टर संख्या 10ए, 10डी, 10एफ, 10एच, 1/एफ, 8/जी, 8/एच, 8/डी, 12/एच, 36/एच, 19/एच, 19/सी, 5/जी, 13/डी, 50/ई, 43/डी, 26/एच, 14/सी, 20/सी, 2/ए, 25/डी, 14/एच, 15/एफ, 16/एफ, 16/एच एवं 23/ए के सीलिंग की सतह की मरम्मत, आसपास के ड्रेनों का विकास, प्लिंथ की सुरक्षा सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,15,41,294.18। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,57,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: टीएन-232-24-25। कार्य का नाम:** [1] सियालदह में- एईएन/डब्ल्यू/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/डब्ल्यू/सियालदह के अधीन क्षतिग्रस्त दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलना, स्वच्छता, प्लम्बिंग कार्य तथा सड़क कार्य आदि सहित काइजर स्ट्रीट में ब्लॉक संख्या टी/77, टी/78, टी/79 एवं टी/83 (टाइप-III) (48 इकाइयां) के लिए जैक आर्च रूफ, आरसीसी रूफ कैंटीलीवर वरामदा तथा छज्जा का सुधार एवं मज़बूतीकरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्य एवं [2] सियालदह में- एईएन/डब्ल्यू/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/डब्ल्यू/सियालदह के अधीन काइज़र स्ट्रीट में 08 इकाई टाइप-III क्वार्टर की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,28,19,569.32। **जमा बयाना राशि:** ₹ 3,14,100। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 07.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। (SDAH-322/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

अधर में लटका करीब 26,000 शिक्षकों का भविष्य, सुप्रीम कोर्ट में फिर टली सुनवाई

कोलकाता/नई दिल्ली : एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की 26,000 नौकरियां रद्द करने के मामले की सुनवाई टाल दी गई है। संक्षेप में कहें तो शिक्षक भर्ती मामले के तहत 26,000 नौकरी चाहने वालों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। एसएससी मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। इस मामले की सुनवाई निर्धारित समय पर शुरू हुई। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समय की कमी के कारण आज पूरे मामले की सुनवाई नहीं की

जा सकती। लेकिन वकीलों के अनुरोध पर न्यायाधीश अंततः मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गए। मामले की सुनवाई के पहले चरण के दौरान, ग्रुप सी नौकरी प्राप्तकर्ताओं के वकीलों ने वैध और अवैध नौकरी प्राप्तकर्ताओं को अलग करने के लिए जांच का अनुरोध किया। कोर्ट में अपने बचाव में उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के कारण पात्र उम्मीदवारों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही नौवीं, दसवीं और ग्रुप डी की नौकरी पाने वालों के वकील मुकुल रोहतगी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने अपने बचाव में कहा कि मूल ओएमआर शीट नहीं है। इसकी स्कैन की गई कॉपी भी नहीं मिल पा रही है। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण है कि भ्रष्टाचार के जरिए किसने नौकरियां हासिल कीं। हमें यह देखने की जरूरत है कि भ्रष्टाचार के जरिए किसने नौकरियां हासिल कीं और किसने नहीं। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एसएससी 2016 का पूरा पैनल रद्द कर दिया था। राज्य में करीब 26 हजार शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों की नौकरियां भी रद्द कर दी गईं। राज्य सरकार, एसएससी और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इसके अलावा, बेरोजगारों के एक वर्ग ने भी सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। आज सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। हालांकि, समय की कमी के कारण अभी तक सुनवाई नहीं हो पाई है। सुप्रीम कोर्ट एसएससी नौकरी रद्द करने के मामले में 27 जनवरी को सुनवाई करेगा।

माध्यमिक परीक्षा के दौरान शिक्षकों व शिक्षा कर्मियों को नहीं मिलेगी छुट्टी

❑ **शिक्षा बोर्ड ने जारी किया निर्देश, कुछ शर्तें पूरी होने पर ही मिलेगी छुट्टी**

कोलकाता, समाज्ञा : बंगाल बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा शुरू होने में केवल एक महीना बचा है। इस बीच, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि माध्यमिक परीक्षा के दौरान शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों को छुट्टी नहीं मिलेगी। अगर आप छुट्टी के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आपको कई शर्तों का पालन करना होगा। सभी शर्तें पूरी होने पर ही छुट्टी मिलेगी। बुधवार को बोर्ड ने इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि जिन स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया है, वहां के शिक्षकों और शिक्षण कर्मचारियों को बिना उचित कारण के छुट्टी की अनुमति नहीं दी जाएगी। छुट्टी तभी मिलेगी जब उनका बेटा या बेटी माध्यमिक या उच्च माध्यमिक के परीक्षार्थी होंगे। ऐसे में सबूत के तौर पर एग्जाम रूटीन, बच्चे का एडमिट कार्ड समेत सभी दस्तावेज जमा करने होंगे। यदि माता और पिता दोनों शिक्षक या शिक्षा कर्मी हैं, तभी छुट्टी ले सकता है। छुट्टी के लिए आवेदन परीक्षा शुरू होने से कम से कम तीन सप्ताह पहले करना होगा। यदि बच्चा मध्यमिक का परीक्षार्थी है, ऐसे शिक्षक अगर छुट्टी नहीं लेते हैं, तो वे न तो प्रश्न पत्र का पैकेट खोले सकते है, न बांट सकते है और न ही परीक्षक की जिम्मेदारी निभाएंगे। बंगाली टीचर्स एंड एजुकेशन वर्कर्स एसोसिएशन के महासचिव स्वपन मंडल ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से दिए गए निर्देश में मुख्य रूप से बच्चे के पालन-पोषण की छुट्टी का जिक्र किया गया है, लेकिन अगर कोई बीमार पड़ जाए या कोई दुर्घटना हो जाए तो क्या होगा? उनके बारे में स्पष्ट निर्देश देना बेहतर है। हम अनावश्यक छुट्टी लेने के भी खिलाफ हैं, लेकिन कई प्रधानाध्यापक इस निर्देश का इस्तेमाल परेशान करने के लिए कर सकते हैं।

माध्यमिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 30 जनवरी से वितरित

कोलकाता, समाज्ञा : इस वर्ष की माध्यमिक परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होगी, और इसके लिए एडमिट कार्ड 30 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक वितरित किए जाएंगे। एडमिट कार्ड में किसी भी त्रुटि की सूचना 6 फरवरी तक देनी होगी। शिक्षकों के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य होगा। इनमें समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचना, बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना और छात्रों पर नजर रखना शामिल है। अगर कोई आपत्तिजनक गतिविधि दिखे, तो तत्काल कार्रवाई करनी होगी। परीक्षा कक्ष के अलावा स्कूल के शौचालय और अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा।

मीशो ने सप्लाई चेन को मजबूत कर विक्रेताओं में बढ़ाया भरोसा

कोलकाता, समाज्ञा : भारत के टू ई-कॉमर्स बाजार मीशो ने विक्रेताओं के हित में अपनी क्लेम प्रक्रिया और सप्लाई चेन में बड़े सुधार किए हैं। मई 2024 से लागू इन सुधारों के बाद क्लेम निवारण में 70% तेजी आई है और 3.4 मिलियन असली दावे मंजूर किए गए हैं। मीशो ने एडवांस्ड एनालिटिक्स और एआई-टूल्स की मदद से 15,000 अनुपालन न करने वाले फील्ड एग्जीक्यूटिव्स की पहचान कर कार्रवाई की। नकली रिटर्न रोकने और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सप्लाई चेन में सख्त वैरिफिकेशन प्रक्रिया लागू की गई है। डिजिटल ट्रैकिंग, रिस्क एनालिटिक्स और आधुनिक पैकेजिंग सॉल्यूशंस के जरिये मीशो ने विक्रेताओं को सुरक्षित और पारदर्शी प्लेटफॉर्म प्रदान किया है। इन प्रयासों ने विक्रेताओं में विश्वास और ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ावा दिया है, जिससे ई-कॉमर्स का एक प्रभावशाली परिवेश तैयार हुआ है।

पार्क सर्कस के नामी शॉपिंग मॉल से 12 लाख की लूट के बाद कैश वैन पार्किंग पर पुलिस का नया निर्देश

कोलकाता, समाज्ञा

पार्क सर्कस स्थित एक नामी शॉपिंग मॉल से सोमवार को हुई 12 लाख रुपये की लूट के बाद पुलिस ने कैश वैन पार्किंग को लेकर एक नया निर्देश जारी किया है। अब से, कैश वैन को फुटपाथ या सड़क के किनारे पार्क नहीं किया जाएगा। यदि पार्किंग स्थल उपलब्ध हो, तो कैश वैन को शॉपिंग मॉल परिसर या आवासीय परिसर के अंदर ही खड़ा करना होगा। यह कदम पुलिस द्वारा शॉपिंग मॉल में हुई लूट के बाद उठाया गया है, जिसमें कई सवाल उठाए गए हैं। पुलिस ने पूछा है कि शॉपिंग मॉल परिसर में कैश वैन क्यों नहीं खड़ा किया गया और उसे सड़क पर क्यों पार्क किया गया। इस मामले में पुलिस ने शॉपिंग मॉल के कर्मचारियों, लूटी गई दुकान के मालिक और कर्मचारियों के अलावा सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारियों से भी पूछताछ की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब उन सुरक्षा एजेंसियों को चेतावनी दी जा रही है जो बैंकों, शॉपिंग मॉल, बिजली कंपनियों या अन्य संस्थाओं से बड़ी राशि के कैश वैन में ले जाती हैं, कि वे कैश वैन को सड़क पर पार्क न करें। यदि पार्किंग के लिए कोई स्थान उपलब्ध है, तो उन्हें कैश वैन को वहीं खड़ा करना होगा। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति फुटपाथ पर गाड़ी खड़ी करने के लिए मजबूर होता है, तो वह अपनी गाड़ी दूसरी दिशा में खड़ा न करे, क्योंकि इससे खतरा बढ़ सकता है।

गौरतलब है कि सोमवार को पार्क सर्कस में सीएसटीसी और शॉपिंग मॉल के एक नामी ब्रांड की दुकान से लगभग 12 लाख रुपये एकत्र कर एक कलेक्शन टीम मॉल से बाहर निकल रही थी। कलेक्शन टीम के सदस्य ने पैसे का बैग लेकर फुटपाथ पर कदम रखा और साथ में एक गनमैन भी था। अचानक, तेज गति से एक बाइक आई, जिसमें दो अपराधी सवार थे। बाइक पर बैठा एक अपराधी बैग को लूटकर भाग गया। गनमैन को इस पर कोई प्रतिक्रिया करने का मौका नहीं मिला। इस लूट के बाद, कड़ेया थाना और लालबाजार पुलिस के चार जांच दल मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने यह भी कहा है कि गनमैन की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

गंगासागर में 1.10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

❑ **मंत्री अरूप विश्वास ने फिर किया मेले में सुगम व सुव्यवस्था का दावा**

❑ **मोक्ष नगरी में अब तक 6 तीर्थयात्रियों की मौत, 9 लोगों को किया गया एयरलिफ्ट**

❑ **मेले में अबतक 895 लोग गिरफ्तार, 455 में से 432 लोगों का खोया सामान पुलिस ने लौटाया वापस**

सागर, समाज्ञा : मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सागर द्वीप के गंगा व सागर के संगम में बुधवार को भी लाखों पुण्यार्थियों ने मोक्ष की कामना लिए पुण्य स्नान किया। इस दिन, राज्य सरकार की ओर से दावा किया गया कि मकर संक्रांति का पुण्यकाल बुधवार की सुबह 6.58 तक रहा। गंगासागर में एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्री अरुप विश्वास ने दावा किया कि 1 जनवरी से 15 जनवरी यानी आजतक 1.10

करोड़ से ज्यादा लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं। खबर के लिखे जाने तक उन्होंने पुण्य स्नान के जारी रहने का दावा किया। मेले में आगत अब तक कुल 6 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। इस दिन, यूपी निवासी नाथ (85) की मौत हुई। मेले में बीमार अब तक कुल 9 लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर कोलकाता इलाज के लिए भेजा गया। राज्य के मंत्री अरूप बिस्वास ने बताया कि 142 सामाजिक सेवा संगठनों के 10 हजार से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता गंगासागर में तीर्थ यात्रियों की मदद के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर 'ई-परिचय', 'ई-अनुसंधान' और 'बंधन' सहित कई परियोजनाओं सेवा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 13 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। मेले में दिन-रात सुरक्षा के लिए 44 निगरानी टावर, 18 अपराध-दमन गश्ती दल, 50 पैदल गश्ती दल, 18 गुमशुदा व्यक्ति दस्ते, 2 खोजी कुत्ते, 28 नदी गश्ती दल और 23 समन्वय दल अपने काम में लगे रहें। पुलिस ने अब तक मेले में लापता हुए 6652 लोगों में से 6627 को ढूंढ निकाला है। उन्हें उनके परिवारों के पास भी पहुंचा दिया गया है। 'बंधन' के तहत 15 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क फोटो प्रमाणपत्र बूथों द्वारा प्रदान किया गया है। जिला प्रशासन ने मेले में हर तरह की सुरक्षा व्यवस्था के दावे को एक बार फिर दोहराया। सरकारी सूत्रों ने ही बताया कि मेले में अबतक 895 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 455 लोगों का सामान खो गया था जिनमें 432 लोगों को उनका खोया सामान पुलिस ने बरामद सामान वापस लौटाया।

बजबज स्थित सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइजी शोरूम का उद्घाटन करती हुई अभिनेत्री दर्शना बनिक। मौके पर देबलीना सेन (फ्रेंचाइजी ओनर, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स - बजबज शोरूम), सुवाकर सेन (एमडी और सीईओ, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स) और कौशिक बसाक (फ्रेंचाइजी ओनर, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स-बज बज शोरूम) उपस्थित रहे।

आलोचना बनाम वास्तविकता: बीमा की असली कीमत

कोलकाता, समाज्ञा : बीमा उद्योग, जो लाखों लोगों और उनके व्यवसायों को सुरक्षा प्रदान करता है, लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहा है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तपन सिंघल, चेयरमैन, जनरल इंश्योरेंस काउंसिल और एमडी एवं सीईओ, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि आईआरडीएआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, बीमा उद्योग ने पिछले वर्ष 1.72 लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया, जिसमें स्वास्थ्य बीमा के लिए 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। इसके बावजूद, यह कभी सुर्खियों में नहीं आता, और केवल छिटपुट शिकायतें पूरी उद्योग का चेहरा बन जाती हैं। सिंघल ने बीमा उद्योग के कम शिकायत अनुपात (0.003%) की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो इसके मजबूत शिकायत समाधान प्रणाली को दर्शाता है। इसके साथ ही, उन्होंने बीमा धोखाधड़ी से निपटने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे उद्योग को अरबों का नुकसान होता है। उन्होंने यह भी बताया कि बीमा कंपनियां हर 100 रुपये के प्रीमियम में से 115 रुपये का भुगतान करती हैं, इसका मतलब है कि उद्योग लाभ की बजाय घाटे में काम कर रहा है।

पूर्व रेलवे ने 16 एक्सप्रेस ट्रेनों में बढ़ायी सामान्य सेकेंड क्लास कोच

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे ने यात्रियों के बेहतर यात्रा अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए 16 प्रमुख एक्सप्रेस/मेल ट्रेनों में सामान्य सेकेंड क्लास कोचों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह पहल यात्रियों की टिकटों की अधिक मांग को देखते हुए की गई है। इसके तहत एयर कंडीशन और स्लीपर क्लास कोचों को बदलकर इन ट्रेनों में एक सामान्य सेकेंड क्लास कोच जोड़ा जाएगा। इन ट्रेनों में 12319/12320 कोलकाता-ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस, 12357/12358 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस, 13135/13136 कोलकाता-जयनगर-कोलकाता एक्सप्रेस, 13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस, 12329/12330 सियालदह-आनंद विहार-सियालदह एक्सप्रेस, 12379/12380 सियालदह-अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस, 12343/12344 सियालदह-हल्दिबाड़ी-सियालदह दार्जीलिंग मेल, 12377/12378 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस, 12361/12362 आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (मुंबई)-आसनसोल एक्सप्रेस, 12376/12375 जसीडीह-तांबाराम-जसीडीह एक्सप्रेस, 12335/12336 भागलपुर-लोकमान्य तिलक (टी)-भागलपुर एक्सप्रेस और 22311/22312 गोद्दा- लोकमान्य तिलक (टी)-गोद्दा एक्सप्रेस शामिल है।

इसके अलावा, दो सामान्य सेकेंड क्लास कोचों को दो स्लीपर क्लास कोचों के स्थान पर जोड़ा जाएगा, जैसे कि 13167/13168 कोलकाता-आगरा कैंट-कोलकाता एक्सप्रेस और 13181/13182 कोलकाता-सिलघाट टाउन-कोलकाता एक्सप्रेस। इसके साथ ही, दो सामान्य सेकेंड क्लास कोचों को दो एसी 3-टियर इकोनॉमी कोचों के स्थान पर जोड़ा जाएगा, जैसे कि 12325/12326 कोलकाता-नंगल डैम-कोलकाता एक्सप्रेस और 13137/13138 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कोलकाता पुलिस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

कोलकाता, समाज्ञा : भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने लालबाजार पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ौदा पुलिस वेतन खाता पैकेज के लिए कोलकाता पुलिस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर संजय कुमार तिवारी, महाप्रबंधक एवं जोनल प्रमुख, कोलकाता जोन और अजय प्रसाद, आईपीएस, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कोलकाता द्वारा किए गए, जो कोलकाता पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस साझेदारी के माध्यम से, बैंक 50,000 से अधिक सेवारत और सेवानिवृत्त कोलकाता पुलिस कर्मियों को सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगा। इसके अलावा उन्हें कोलकाता में बैंक की विस्तृत शाखा नेटवर्क के माध्यम से सर्वोत्तम श्रेणी की विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

मालदह के डिविजनल रेलवे अस्पताल में सफलतापूर्वक कंधे के जोड़ का प्रतिस्थापन सर्जरी

कोलकाता, समाज्ञा : मालदह के डिविजनल रेलवे अस्पताल में बुधवार को एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि प्राप्त की गई है। यहां 39 वर्षीय पुरुष लोको पायलट पर एक जटिल कंधे के जोड़ का प्रतिस्थापन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस सर्जरी को डॉ. अनुपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीआरएच मालदह के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। मरीज को ट्रेन से उतरते समय गिरने के कारण बाएं कंधे में गंभीर चोटें आई थीं। सर्जरी की प्रक्रिया में ऑटोलॉगस कैंसेलस बोन ग्राफ्टिंग के साथ ट्यूबरोसिटी रीकंस्ट्रक्शन किया गया। इस अभिनव तरीके से ट्यूबरोसिटी का उपचार सुनिश्चित किया गया, जिससे प्रतिस्थापन उपकरण की ऊंचाई और कार्यक्षमता में सुधार हुआ। यह जटिल सर्जरी डॉ. एस. बनर्जी, डिविजनल मेडिकल अधिकारी (ऑर्थोपेडिक्स) द्वारा सफलतापूर्वक की गई, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. पी.पी. भट्टाचार्य, डिविजनल मेडिकल अधिकारी (एनेस्थीसिया) ने ली। इस सफलता ने मालदह के डिविजनल रेलवे अस्पताल, मालदह की चिकित्सा विशेषज्ञता और रेलवे कर्मचारियों को उच्चतम गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

पूर्वी कमान ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां सेना दिवस

❑ **पूर्वी आर्मी कमांडर ने विजय स्मारक पर बलिदानियों को अर्पित की श्रद्धांजलि**

❑ **उत्कृष्टता के लिए विभिन्न इकाइयों को सम्मानित भी किया गया**

कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय सेना के पूर्वी कमान ने बुधवार को कोलकाता के विजय दुर्ग (फोर्ट विलियम) स्थित अपने मुख्यालय में 77वां सेना दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने विजय स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्वी कमान की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि इसी तरह पूर्वी थिएटर के सभी सैन्य स्टेशनों में भी सेना दिवस समारोह पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां युद्ध स्मारकों पर पुष्प चक्र अर्पित

कर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अनुकरणीय व पेशेवर प्रदर्शन के लिए पूर्वी कमान की 16 यूनिटों को चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ (सेना प्रमुख) यूनिट प्रशस्ति पत्र और 45 इकाइयों व रेजिमेंटों को जीओसी-इन-सी (आर्मी कमांडर), पूर्वी कमान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर पूर्वी आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने अपने संदेश में सभी सैन्य कर्मियों, पूर्व सैनिकों, रक्षा असैन्य कर्मचारियों और पूर्वी कमान के कर्मियों के परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी सैनिकों को बलिदानी सैनिकों के समर्पण, संकल्प और बलिदान से प्रेरणा लेने और भविष्य की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

महाकुंभ 2025 में भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिसकर्मियों को मिलेंगे एवरैडी साइरेन टॉर्च

प्रयागराज/कोलकाता : महाकुंभ 2025 में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए एवरैडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने महाकुंभ पुलिस को 5हजार पावरफुल साइरेन टॉर्च उपलब्ध कराए हैं। इन साइरेन टॉर्च में 100डीबीए का साउंड अलार्म है, जो जरूरत पड़ने पर सक्रिय हो जाता है। महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी तीर्थयात्रियों का अनुभव शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहे। एवरैडी के डीएल 102 साइरेन टॉर्च इस उद्देश्य को पूरा करने में सहायक होंगे। एसएसपी कुंभ मेला, राजेश द्विवेदी ने कहा, हम तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, और एवरैडी के साइरेन टॉर्च हमारे प्रयासों को और सशक्त बनाएंगे। साइरेन टॉर्च, पारंपरिक फ्लैशलाइट की तरह काम करने के साथ एक सुरक्षा डिवाइस के रूप में भी कार्य करता है। कीचेन खींचते ही इसका अलार्म सक्रिय हो जाता है, जिससे किसी आपात स्थिति में सहायता पाना आसान हो जाता है। एवरैडी ने पुलिसकर्मियों को साइरेन टॉर्च का व्यावहारिक प्रदर्शन और उपयोगिता समझाने के लिए प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए हैं। साथ ही, मेले में प्रमुख पुलिस स्टेशनों पर आपातकालीन संपर्क नंबर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

एवरैडी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अर्निबन अनिर्बान बनर्जी ने कहा, हम गर्व महसूस करते हैं कि महाकुंभ पुलिस को साइरेन टॉर्च उपलब्ध कराकर इस विशाल आयोजन में योगदान दे रहे हैं। यह उपकरण न केवल पुलिस के लिए बल्कि तीर्थयात्रियों के लिए भी सुरक्षा और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा।

ज्ञानदीप सिशु मंदिर में मुफ्त दंत चिकित्सा जांच कार्यक्रम का आयोजन

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, हावड़ा ने बुधवार को ज्ञानदीप सिशु मंदिर में स्कूल बच्चों के लिए स्माइल फॉर ए लाइफ नामक मुफ्त दंत चिकित्सा जांच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में मौखिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में ईआरडबल्यूडबल्यूओ, हावड़ा की अध्यक्ष रीना जायस्वाल और संगठन के अन्य प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे। दंत चिकित्सा जांच का संचालन प्रसिद्ध दंत सर्जन डॉ. सौम्या प्रकाश, बीडीएस ने किया, जिन्होंने बच्चों की जांच की और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. प्रकाश ने मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया,

जिसमें बच्चों को प्रभावी ब्रशिंग तकनीकों और नियमित दंत चिकित्सा देखभाल के महत्व पर व्यावहारिक सुझाव दिए। यह प्रदर्शन बच्चों में स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने और मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए था। इस पहल में ज्ञानदीप सिशु मंदिर के बच्चों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर, रीना जायस्वाल ने कहा, ईआरडबल्यूडबल्यूओ समुदाय की समग्र भलाई के लिए समर्पित है। हमारा उद्देश्य बच्चों को उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करना है, और हम डॉ. सौम्या प्रकाश का आभार व्यक्त करते हैं जिनका योगदान इस नेक कार्य में अमूल्य रहा।

फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ का सेवाकार्य

कोलकाता : फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ की ओर से संस्था के चेयरमैन अरविन्द बियानी, समाजसेवी घनश्याम प्रसाद शोभासरिया, अजय सराफ, कमल सराफ के मार्गदर्शन में मकर संक्रांति के अवसर पर कलाकार स्ट्रीट, बड़तल्ला स्ट्रीट में 14 एवम् 15 जनवरी को हजारों नागरिकों को महाप्रसाद खिचड़ी, रेवड़ी एवम् शीतल पेयजल वितरित कर सेवाकार्य किया गया। संस्था के सचिव काशी प्रसाद धेलिया ने बताया शीतकालीन परिस्थितियों में कम्बल, वस्त्र आदि भी जरूरतमंद नागरिकों को प्रदान किये जा रहे हैं। वरुण बियानी, सम्पत सिंघानिया, शिव कुमार बूबना, सुरेश कासट, सी एन मोहता, विजय सराफ, कृष्णा ढांढनिया, संदीप सराफ, श्याम गुप्ता, मनोज चमड़िया, किशन गोयल, संजय शर्मा, निरंजन सरदार, उमेश सराफ एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

बीआर सिंह अस्पताल ने रचा इतिहास, 45 दिन वेंटिलेशन पर रहने के बाद मरीज की चमत्कारी रिकवरी

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के बीआर सिंह अस्पताल में चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के आईटीयू (इंटेंसिव थेरेपी यूनिट) में 45 दिन तक वेंटिलेशन पर रहने वाली 65 वर्षीय महिला मरीज ने चमत्कारी रूप से स्वस्थ होकर नई जिंदगी पाई है। यह मरीज लंबे समय से क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित थीं और हर बार अस्पताल में भर्ती होने पर सांस रुकने और हाइपरकार्बिया की समस्या झेलती थीं। जांच के दौरान उनके बाईं फेफड़े में व्हाइट-आउट स्थिति पाई गई और ब्रॉन्कोस्कोपी से एक म्यूकस प्लग हटाया गया। हालांकि, उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें एक उच्च केंद्र में भेजा गया, जहां ट्रेकियोस्टोमी की गई। बाद में, एंटी-एमएसके एंटीबॉडी की पुष्टि हुई और रिटक्सिमैब थेरेपी

शुरू की गई।

स्थिति में सुधार न होने पर मरीज को वापस बीआर सिंह अस्पताल लाया गया। यहां नेओस्टिग्माइन चैलेंज टेस्ट से न्यूरोमस्कुलर समस्या की पुष्टि हुई। 45 दिनों के इलाज के दौरान, तीन बार मरीज को लगभग कार्डियक अरेस्ट जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। लेकिन बीआरएसएच की मेडिकल टीम, पैरामेडिकल स्टाफ और परिवार के विश्वास की बदौलत आज वह मरीज आईटीयू से वार्ड में स्थानांतरित होने के लिए तैयार हैं। इस सफलता में एसिस्टेंट चीफ हेल्थ डायरेक्टर और आईटीयू प्रभारी डॉ. चयान भट्टाचार्य, की अहम भूमिका रही। उनके नेतृत्व में डॉक्टरों, नर्सों और स्टाफ की समर्पित टीम ने इस गंभीर स्थिति को एक उम्मीद भरी कहानी में बदल दिया।

छात्र की तेज धारदार हथियार से की गयी हत्या, इलाके में दहशत

हुगली, समाज्ञा : रिसड़ा थाना अन्तर्गत रिसड़ा नगरपालिका के 8 नंबर वार्ड स्थित बीएल मुखर्जी रोड इलाके (सुगली पाड़ा) में एक छात्र की बेदर्दी से हत्या कर दी गई। हत्याकांड की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल कायम है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक के पेट और पीठ पर तेज धारदार हथियार से वार किया गया। युवक की पेट की अतड़िया बाहर निकल आयी। एक सुनसान जगह पर युवक पर प्राणघातक हमला किया

गया। खून से लथपथ हालत में युवक कई लोगों से मदद मांगने पंहुचा, अंत में परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में श्रीरामपुर के वाल्स अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय अभिषेक पासवान के तौर पर हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल को बेरिकेट कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को हत्याकांड के संदिग्ध के सुराग मिले हैं। संदिग्ध पुलिस की रडार पर है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस हत्या के पीछे की वजह का पता लगा रही है। रिसड़ा नगरपालिका के 8 नंबर वार्ड के पार्षद मनोज साव ने बताया कि हत्या दुखद है, प्रशासन से हत्यारे को ढूंढकर उसे फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई है। मृतक अपने परिवार का एकलौता पुत्र संतान था। उसकी पांच बहने हैं। वह रिसड़ा विधानचंद्र कॉलेज में स्नातक का तृतीय का छात्र था। उसके पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चूका है। वह इकलौता कमाने वाला सदस्य भी था एवं प्राइवेट ट्यूशन भी पढ़ाता था। इसके साथ ही एक राशन दुकान में काम करके परिवार का भरण पोषण किया करता था। छात्र की इस तरह से हुई हत्या से इलाके के स्तब्ध है। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि निम्न वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले एक सीधे साधे नेक छात्र की हत्या आखिर क्यों कर दी गई। इस घटना से समस्त इलाके के लोग गमगीन है।

बीएसएफ ने किसानों में खेती के औजार और बच्चों में खेलकूद के सामान किए वितरित

❑ सीमावर्ती गांवों के किसान व बच्चे हुए लाभांवित

कोलकाता : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 57वीं वाहिनी ने भारत-बांग्लादेश सीमा से संलग्न अपनी जिम्मेदारी के विभिन्न सीमावर्ती गांवों के किसानों को खेती के औजार एवं स्कूली बच्चों में खेलकूद के सामानों का वितरण किया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बल के रायगंज सेक्टर के डीआइजी मोहिंदर सिंह ने किया। इसके उपरांत डीआइजी ने 57वीं वाहिनी के कमांडेंट बिभूति भूषण कुमार के साथ किसानों में औजार और स्कूली बच्चों में खेलकूद का सामान वितरित किया। एक बयान में बताया गया कि किसानों को फावड़े, खुरपी, डराती आदि तथा बच्चों को क्रिकेट किट,

कैरम बोर्ड, फुटबाल, वालीबाल और नेट प्रदान किया गया। इस आयोजन में सीमावर्ती दाउदपुर समझिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांव नबाग्राम, बसंती समझिया, बालूपाड़ा, कृष्णापुर, रसूलपुर के लगभग 500 ग्रामीण और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बीएसएफ डीआइजी ने ग्रामवासियों से सीमा सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की और किसी भी तरह के सीमा पार अपराधों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने उल्लेख किया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुए राजनैतिक उथल-पुथल का असर सीमांत इलाके में भी पड़ रहा है, ऐसे समय में हम सभी की जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह के सीमा अपराधों को रोकने में सहयोग करें।

अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल, 2 लाख से अधिक उत्पादों पर 70% तक की छूट

कोलकाता, समाज्ञा : अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल बिजनेस ग्राहकों के लिए शानदार बचत के अवसर लेकर आई है। इस सेल में 2 लाख से अधिक उत्पादों पर 70% तक की छूट दी जा रही है। ग्राहक लैपटॉप, हेडफोन, रूम हीटर और किचन अप्लायंसेज जैसे प्रोडक्ट्स पर बड़ी छूट का लाभ उठा सकते हैं। जीएसटी इनवॉइस के साथ ग्राहक 28% तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। साथ ही, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट भी उपलब्ध है। सेल के मुख्य आकर्षण में स्मार्टवॉच, स्पीकर और फर्नीचर पर 70% तक की छूट और हेडफोन पर 60% तक की छूट शामिल हैं। दो या अधिक प्रोडक्ट की खरीद पर अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है। प्रमुख उत्पादों में एप्पल मैकबुक एयर, एचपी लैपटॉप, जेबीएल पार्टी स्पीकर, और किचन अप्लायंसेज जैसे न्यूट्रीप्रो जूसर व पिजन इलेक्ट्रिक केतली शामिल हैं।

हावड़ा में 14,500 करोड़ का निवेश, 75 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हावड़ा, समाज्ञा : हावड़ा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र में 14,500 करोड़ रुपये का भारी निवेश होने जा रहा है। इससे जिले में 75 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। यह घोषणा राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने हावड़ा के सरत-सदन में आयोजित 'सिनर्जी' कार्यक्रम में की। मंत्री ने कहा कि यह निवेश हावड़ा के उद्योगों को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। मंत्री ने बताया कि अगले महीने होने वाले विश्व व्यापार सम्मेलन से पहले हावड़ा के उद्यमियों के साथ यह तालमेल बैठक आयोजित की गई थी, जहां निवेश

की इस बड़ी योजना का खुलासा हुआ।

गौरतलब है कि एक समय 'पूर्व का शेफील्ड' कहे जाने वाला हावड़ा औद्योगिक क्षेत्र वाममोर्चा शासन के दौरान अपनी चमक खो चुका था। लेकिन 2011 के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रयासों से यहां उद्योगों में सुधार शुरू हुआ। अब इस बड़े निवेश के साथ हावड़ा की औद्योगिक विरासत को फिर से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के साथ राज्य के अन्य मंत्री तजमुल हुसैन, विधायक कल्याण घोष, डॉ. राणा चट्टोपाध्याय, नंदिता चौधरी, सुकांत पाल और डॉ. निर्मल माझी भी मौजूद थे।

दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में 52 दिनों के भीतर दोषी करार

हुगली : चुंचुड़ा की पॉक्सो अदालत ने पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में घटना के 52 दिनों के भीतर आरोपी को दोषी करार दिया है। इस मामले के सरकारी पक्ष के अधिवक्ता शंकर गांगुली ने बताया कि यह घटना 24 नवंबर को हुगली के गुड़ाप थाना क्षेत्र में घटित हुई थी। आरोपी अशोक सिंह, जो नाबालिग का पड़ोसी और एक वृद्ध व्यक्ति है, ने चॉकलेट का लालच देकर उसे अपने घर बुलाया। उस समय बच्ची के पिता बाजार से मीट खरीदने गए थे क्योंकि बच्ची ने मांस खाने की इच्छा जाहिर की थी। जब पिता वापस लौटे तो उन्होंने बच्ची को घर पर नहीं पाया। उन्होंने पड़ोसियों के साथ मिलकर उसे खोजना शुरू किया। काफी खोजबीन के बाद अशोक के घर से बच्ची को रक्तरंजित अवस्था में कपड़े के नीचे से पाया। तत्काल नाबालिग को

अगर धनियाखाली अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया था। स्थानीय लोगों ने आरोपी की पिटाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घायल अवस्था में उसे चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। अगले दिन बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कोलकाता मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घटना स्थल पर पुलिस ने पिकेटिंग की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व डीएसपी (डी एंड टी) प्रियव्रत बक्सी ने किया। पुलिस ने 9 दिसंबर को चार्जशीट दाखिल की और 11 दिसंबर को आरोप तय किए गए। इसके बाद गवाहों के बयान दर्ज किए गए। कुल 27 गवाहों की गवाही हुई। बुधवार को चुंचुड़ा पॉक्सो अदालत की न्यायाधीश चंद्रप्रभा चक्रवर्ती ने आरोपी को दोषी करार दिया। मामले में अंतिम फैसला और सजा की घोषणा 17 जनवरी को की जाएगी। सरकारी वकील ने कहा कि नए बीएनएस कानून के तहत इतनी तेजी से न्याय प्रक्रिया पूरी होना एक मिसाल है। यदि क्रिसमस की सात दिनों की छुट्टी न होती, तो मामला और जल्दी निपट सकता था। यह पुलिस की सही और निष्पक्ष जांच की वजह से संभव हो सका।

श्री कलकता जैन श्वेतांबर स्थानकवासी (गुजराती) संघ के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी (रोमी) गंगासागर में महंत ज्ञान दास महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

हाईकोर्ट ने न्यायाधीश को परेशान करने वाले वकीलों के खिलाफ अदालत की अवमानना का आदेश किया जारी

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक निचली अदालत के न्यायाधीश को परेशान करने वाले वकीलों के खिलाफ बुधवार को अदालत की अवमानना का आदेश जारी किया है। दरअसल, बशीरहाट कोर्ट में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों पर एक न्यायाधीश को परेशान करने का आरोप लगा है। यह मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। इस दिन, हाईकोर्ट के न्यायाधीश देबांग्शु बसाक और न्यायाधीश मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने बशीरहाट कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव के खिलाफ अदालत की अवमानना का आदेश जारी किया। सुनवाई के दौरान दोनों न्यायाधीशों ने अदालत कक्ष में उत्पीड़न की घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी चलाई। हाईकोर्ट ने आरोपित वकीलों से

जवाब देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह में होगी। उल्लेखनीय है कि बशीरहाट उपजिला न्यायालय के एक न्यायाधीश ने वकीलों के एक समूह के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उन्होंने 10 जनवरी को बशीरहाट जिला न्यायाधीश को इस संबंध में एक पत्र भी लिखा। आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध करते हुए पत्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम को भी भेजा गया था। न्यायाधीश शिवगणनम ने न्यायाधीश के उत्पीड़न के मामले में न्यायालय की अवमानना का स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दायर करने की अनुमति दे दी। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बशीरहाट अदालत से इस मामले की सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ का भी गठन किया था।

राज्य में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के कड़े तेवर

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में अवैध निर्माण और बिल्डिंग के गिरने की घटनाओं को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम ने कड़ी टिप्पणी की है। बुधवार को हाईकोर्ट में एक अवैध निर्माण मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा, पश्चिम बंगाल में इमारतों का गिरना अब सामान्य घटना बन चुकी है। मुख्य न्यायाधीश ने नगर निगम और पंचायतों की भूमिकाओं पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि अवैध निर्माण पर नजर रखने की प्रक्रिया में गंभीर खामियां हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि जलाशयों को बंद करके उन पर निर्माण क्यों हो रहा है, और इसके बावजूद प्रशासन चुप क्यों है। डिवीजन बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम और न्यायाधीश हिरण्मय भट्टाचार्य शामिल थे, ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में निर्माण होने पर नगर निगम और पंचायतों को निरीक्षण करना चाहिए। निर्माण कार्यों की निगरानी होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह स्वीकृत भवन योजना के अनुसार हो। मुख्य न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि यदि निर्माण कार्य योजना के बिना किया गया है, तो उसे पूरी तरह अवैध माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि निगरानी की कमी के कारण ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं और इसे तुरंत रोकने की आवश्यकता है।

विश्वनाथ सेवा संघ का सेवा कार्य जारी

कोलकाता, समाज्ञा : विश्वनाथ सेवा संघ पिछले 26 वर्षों से बाबूघाट में शिविर नं. 34 में सुबह चार बजे से चाय, नाश्ता तदुपरान्त फल एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था के साथ शाम को चाय, नाश्ता एवं रात्री भोजन की व्यवस्था के साथ गंगासागर यात्रियों की ठहरने की समुचित व्यवस्था प्रदान कर रही है।.इस कार्य में व्यवस्थापक अनिल कुमार गुप्ता एवं समस्त कर्मठ कार्यकर्ता जुटे है।

उत्तर प्रदेश से गंगासागर में पुण्य स्नान के लिए जाने के दौरान आउट्राम घाट पर लगे जौनपुर नागरिक संघ के सेवा शिविर में पधारे भवानी शंकर दास का स्वागत करते संघ अध्यक्ष लालमणि मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामजी मिश्रा, शिविर प्रबंधक नरेंद्र तिवारी।

काकद्वीप स्टेशन पर सघन टिकट चेकिंग अभियान

कोलकाता, समाज्ञा : गंगा सागर मेला 2025, यात्रियों को वैध टिकट के साथ परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) डॉ. उदय शंकर झा के साथ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक सियालदह शशि रंजन कुमार, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक सियालदह रविशंकर प्रसाद और सहायक सुरक्षा आयुक्त आलोक जेना ने काकद्वीप और गंगा सागर जाने वाले यात्रियों के लिए एक निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए काकद्वीप में एक गहन टिकट जांच अभियान शुरू किया है। इस अभियान के हिस्से के रूप में, सियालदह डिवीजन ने डीआरएम सियालदह दीपक निगम के गतिशील नेतृत्व में कई यात्री-अनुकूल उपाय लागू किए हैं। लंबी कतारों से बचने

के लिए स्टेशन के दोनों ओर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं। मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (एम-यूटीएस) तैनात किया गया है, जिससे बुकिंग क्लर्क सीधे यात्रियों से संपर्क कर सकते हैं और टिकट जारी कर सकते हैं, जिससे यात्रियों को लाइन में खड़े होने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। तीर्थयात्रियों (पुरुष, महिला और दिव्यांगजन) के लिए आधुनिक शौचालयों की स्थापना की गई। जरूरतमंद यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए स्टेशन परिसर में मेडिकल बूथ तैनात किया गया है, इस बूथ पर सेंट जॉन एम्बुलेंस की एक टीम तैनात की गई है। स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को तैनात किया गया है और परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यात्रियों के सुचारू और व्यवस्थित प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नागरिक सुरक्षा कर्मी ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में यात्रियों की सहायता कर रहे हैं। डॉ. उदय शंकर झा ने यह सुनिश्चित करने के लिए इन सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से निगरानी की कि यात्रियों को सर्वोत्तम सेवा मिले।

14.01.25 को नामखाना और काकद्वीप स्टेशनों पर यात्रियों और टिकटों की बिक्री में 106.1% और 37.9% की वृद्धि हुई और पिछले वर्ष 14.01.24 की तुलना में आय क्रमशः 131.5% और 52.5% बढ़कर 4.2 लाख से 8.3 लाख हो गई। डीआरएम सियालदह दीपक निगम ने यह भी कहा कि सियालदह डिवीजन सभी यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह विशेष अभियान हमारे समर्पण का एक प्रमाण है।

गोवा बगान व्यवसायिक संघ के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों में खिचड़ी वितरण करते विनेद कुमार, राम किशोर, हरि नारायण जायसवाल व अन्य।

कोलकाता मेट्रो को मिले दो नए डेलियन रेक्स, यात्रियों को मिलेगा बेहतर सफर का अनुभव

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता मेट्रो के नोआपारा कारशेड में 14 जनवरी को दो नए डेलियन रेक (एमआर-504 और एमआर-512) पहुंचे। ये रेक वैश्विक निविदा के माध्यम से खरीदे गए हैं और 12 जनवरी 2025 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर जहाज (वायलेट ऐस) से उतारे गए। 16 कोचों को जहाज से उतारकर डीजल इंजन की मदद से जोड़कर नोआपारा कारशेड भेजा गया। नए रेक्स में यात्रियों की सुविधा और यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई विशेषताएं जोड़ी गई हैं। इनमें मौजूदा एसी रेक्स की तुलना में 190 मिमी चौड़े दरवाजे, अधिक सीटें, बेहतर एयर कंडीशनिंग, शोर कम करने की तकनीक और आंखों को सुकून देने वाली रोशनी शामिल हैं। इन रेक्स में सीसीटीवी कवर, मॉड्यूलर और चौड़े वेस्टिब्यूल, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से सक्षम यात्रियों के लिए अतिरिक्त सीटें हैं। साथ ही आधुनिक डिजाइन वाले इंटीरियर, उच्च क्षमता वाले एसी, मल्टीकलर डिस्प्ले बोर्ड, व्हीलचेयर पार्किंग और दरवाजों के पास हैंड रेल्स जैसी सुविधाएं भी हैं। तकनीकी रूप से इनमें रेन वॉटर चैनल, पेंट-फ्री स्टेनलेस स्टील बॉडी, बेहतर डोर चैनल और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा खपत जैसे फीचर्स शामिल हैं। सुरक्षा के लिए इन रेक्स में डिस्क ब्रेक सिस्टम, कंट्रोल्ड डिस्चार्ज फायर एक्सटिंग्विशर, चौड़े आपातकालीन दरवाजे और एंटी-स्किड रैंप जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

वर्तमान में ब्लू लाइन पर तीन डेलियन रेक्स चल रहे हैं। नए रेक्स के अनिवार्य परीक्षण पूरे होने के बाद इन्हें भी ब्लू लाइन पर शामिल किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

अमानाह फाउंडेशन ने जरुरतमंदों के बीच किया कंबल व जरूरी सामान वितरण

कोलकाता, समाज्ञा : महानगर के कालीघाट मंदिर के पास करीब 100 जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल, खाने-पीने का सामान वितरित किया गया। यह पहल बुधवार को अमानाह फाउंडेशन नामक स्वयंसेवी संस्था की ओर से किया गया। कार्यक्रम के दौरान गंगासागर से लौट रहे लोगों को भी खाने-पीने का सामान दिया गया। इस मौके पर संस्था की चेयरपर्सन रबिया खान ने कहा कि उन्हें लगता है कि जाति व धर्म से कहीं ज्यादा बढ़कर लोगों की सेवा है। यदि संस्था के जरिये जरुरतमंदों की थोड़ी सेवा मिल पायी हो, तो संस्था से जुड़े लोग खुद को सफल मानेंगे। इस मौके पर फहाद कोरादिया, रियाज, विजय राज समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

गंगासागर मेले में बस संचालन में नहीं बढ़ा किराया, बस मालिकों में नाराजगी

गंगासागर : गंगासागर मेले में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार ने बाबुघाट से गंगासागर तक 2,250 सरकारी और 250 निजी बसों की व्यवस्था की। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ये कदम उठाए गए। हालांकि, निजी बस मालिकों ने इस व्यवस्था को घाटे का सौदा बताया और प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। कचुबेरिया बस स्टैंड पर खड़े बस मालिकों का कहना है कि प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की तुलना में जरूरत से ज्यादा बसें लगाई हैं, जिसके चलते कई बसें खाली खड़ी हैं। यात्रियों की कमी के कारण दिनभर में एक या दो ट्रिप ही संभव हो पाती हैं। वर्तमान किराया 35 रुपये प्रति यात्री है, जिससे एक ट्रिप में 1,600-1,700 रुपये तक की आमदनी होती है। लेकिन ईंधन और अन्य खर्चे 1,500-1,600 रुपये तक पहुंचने से उन्हें नाममात्र का मुनाफा हो रहा है।

बस मालिकों ने यह भी आरोप लगाया कि सब्सिडी के तहत वादा किए गए 125 लीटर डीजल के बजाय केवल 120 लीटर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पांच लीटर की कमी को लेकर प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं।

गंगासागर परिवहन सहायक समिति के सदस्य और दक्षिण 24 परगना बस ऑपरेटर्स जॉइंट कमिटी के महासचिव अशोक गाइन ने बताया कि 2010 से किराए में केवल एक बार वृद्धि हुई है और 2019 में 5 रुपये की वृद्धि हुई है। लेकिन इस दौरान ईंधन और अन्य खर्चों में भारी बढ़ोतरी हुई है। बंगाल बस-मिनिबस समन्वय समिति के महासचिव राहुल चटर्जी ने कहा कि इस बार स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर बसें दी गईं, लेकिन अगर आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो अगले साल से गंगासागर मेले के लिए बसें उपलब्ध कराना मुश्किल होगा।

न्यूज इन ब्रीफ

उप्र के दो आईएएस अधिकारियों को मिला प्रधानमंत्री का उत्कृष्टता पुरस्कार

लखनऊ : वर्ष 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 2023 के प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन परियोजनाओं में सौर ऊर्जा के अभूतपूर्व उपयोग के लिए उन्हें नवाचार-राज्य श्रेणी में सम्मानित किया जा रहा है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के सचिव वी श्रीनिवास ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को यह सम्मान दिया। श्रीनिवास ने अपने आधिकारिक बयान में श्रीवास्तव के अनुकरणीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा, मुझे राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत सौर ऊर्जा संचालित जल योजनाओं की पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए बहुत गर्व हो रहा है, जिन्हें 'नवाचार-राज्य' श्रेणी के तहत लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया गया है।

गोरखपुर में कोहरे के कारण गोल चक्कर से टकराई कार, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

गोरखपुर (उप्र) : उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में घने कोहरे की वजह से बुधवार को एक कार गोल चक्कर से टकरा गई जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना असुरन चौक के पास उस समय घटी जब तेज रफ्तार कार गोल चक्कर से टकरा गई जिससे कार में सवार अमीर लारी (35) की मौत हो गई। वह देवरिया जिले के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने इस घटना में घायल पांच लोगों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां अमीर लारी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, पार्थ शुक्ल नाम का एक व्यक्ति और एक महिला की हालत नाजुक है तथा उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती किया गया है।

महाकुंभ : मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था का निर्देश

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के मद्देनजर अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। बयान के मुताबिक, आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुंभ विशेष ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरुरत बताई और साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों पर आवश्यक अवरोधक लगाए जाएं और सभी सेक्टरों में 24 घंटे और सातों दिन बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव (गृह व सूचना), प्रमुख सचिव (नगर विकास), चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

यूएई, फिजी व फिनलैंड समेत 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बृहस्पतिवार को संगम में लगाएगा डुबकी

महाकुम्भ नगर : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फिजी व फिनलैंड समेत 10 देशों का 21 सदस्यीय एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल महाकुम्भ मेले के तहत बृहस्पतिवार को यहां संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस दल में गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका व त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सदस्य भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्रालय के 'एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन' द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को यहां पहुंच रहा है और उनके ठहरने की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित 'टेंट सिटी' में की गई है।

लॉरेन पॉवेल ने महाकुंभ में गुरु से दीक्षा ली, प्रयागराज से रवाना

महाकुंभ नगर : प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आकर सुर्खियों में छाईं एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने अपने गुरु और पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से मंगलवार को दीक्षा ले ली। स्वामी कैलाशानंद गिरि के मीडिया सलाहकार शगुन त्यागी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, लॉरेन पॉवेल जॉब्स को कल रात्रि में दीक्षा दी गई। गुरु जी ने लॉरेन पॉवेल को काली का बीज मंत्र दिया। दीक्षा में पॉवेल ने गुरु जी को दक्षिणा में जो भी दिया वह गुप्त है। उन्होंने बताया कि स्वामी जी के शिविर में आयोजित दीक्षा समारोह में गुरु जी के निजी सचिव अवंतिकानंद जी और लॉरेन पॉवेल जॉब्स के सचिव पीटर मौजूद थे। पॉवेल ने इस शिविर में तीन दिनों तक प्रवास किया। लॉरेन पॉवेल को गुरु ने कमला नाम दिया है। बुधवार को अमृत स्नान करने संगम घाट पर पहुंचे निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने बताया था कि, सोमवार को भीड़ में रहने के कारण कमला को कुछ दिक्कत आई थी, इसलिए वह शिविर में ही रहीं। वह बहुत सहज और सरल हैं और सनातन धर्म को जानना चाहती हैं। वह गुरु के बारे में जानना चाहती हैं, उनके हजारों सवाल हैं जिसका उत्तर हमें देना होता है। उनके सभी प्रश्न सनातन से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि लॉरेन पॉवेल बुधवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान में शामिल नहीं हुई थी। एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स की कंपनी ने पर्सनल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया।

उत्तर प्रदेश के बरेली में यात्री रेलगाड़ी के आगे पटरी पर रखा बड़ा पत्थर, जांच जारी

बरेली (उप्र) : उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया, 'यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया। हालांकि कोई बड़ी हानि नहीं हुई और लोको पायलट ने ट्रेन को समय पर रोक दिया।' अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के बिजौरिया रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इसकी सूचना दी गई।

महाकुंभ : भूले भटकों को रास्ता दिखाते, बिछड़ों को मिलाते बिजली के खंभे

प्रयागराज : महाकुंभ मेले में भूले भटकों को मिलाने के लिए भूले-भटके शिविर लगाए जाते रहे हैं और इस बार तो महाकुंभ मेले में डिजिटल भूले-भटके शिविर भी लगे हैं। लेकिन, बिछड़े लोगों को मिलाने और भटके हुए लोगों को रास्ता दिखाने में बिजली के खंभे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डिजिटल महाकुंभ के तहत पूरे मेला क्षेत्र में 50,000 बिजली के खंभों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिन्हें कोई भी व्यक्ति मोबाइल से स्कैन करके अपनी भौगोलिक स्थिति जान सकता है। 'पीटीआई-भाषा' ने इस क्यूआर कोड का भौतिक परीक्षण करने के लिए एक खंभे पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन किया तो एक फॉर्म सामने आ गया जिसमें नाम, मोबाइल नंबर और खंभे पर लिखी संख्या 28126 भरकर उसे सबमिट (जमा) कर दिया। इसके एक ही मिनट के भीतर बिजली विभाग से फोन आ गया। फोन पर बिजली विभाग के कंट्रोल रूम से चंद्रप्रकाश नाम के व्यक्ति ने पूछा, मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं। इधर से जवाब दिया गया, मैं रास्ता भटक गया हूं और मुझे मेला प्रशासन कार्यालय जाना है, कैसे जाऊं। विभाग के व्यक्ति ने बताया, आप इस समय संगम लोअर मार्ग पर सेक्टर-16 में हैं। मेला कार्यालय जाने के लिए आपको त्रिवेणी मार्ग पर आना होगा जहां से पांटून का पुल पार करके आप त्रिवेणी ढाल पर आ जाएं और वहां से सीधे मेला कार्यालय पहुंच जाएं। बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में बतौर सुपरवाइजर कार्यरत विकास चौहान ने बताया कि पोल नंबर, क्यूआर कोड और जी कोड के माध्यम से लोग अन्य समस्याओं जैसे कहीं पानी नहीं आने की समस्या, सड़क पर बिछी शीट उखड़ने की समस्या का भी निराकरण कर रहे हैं।

न्यूज अपडेट

राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है सरकार : भजनलाल शर्मा

जयपुर : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार साल 2027 तक राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्रम में 'राइजिंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन के तहत ऊर्जा क्षेत्र में सर्वाधिक करार (एमओयू) किए गए हैं जिससे राज्य में ऊर्जा सुदृढ़ीकरण को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए हुए इन विभिन्न करारों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। शर्मा ने बुधवार को 'राइजिंग राजस्थान' सम्मेलन के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा हुए करार के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बयान के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं की नियमित रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आए प्रत्येक निवेशक को राज्य में निवेश करने के लिए किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। यदि ऐसे प्रकरण सामने आते हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारी की जबावदेही तय की जाएगी।

बुलंदशहर में गुर्दा निकालने का आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बुलंदशहर/ मेरठ : बुलंदशहर में 2017 में इलाज के दौरान एक महिला का गुर्दा निकालने के आरोप में छह व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद नरसोना थाना में आईपीसी और मानव अंग तस्करी अधिनियम के तहत यह मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना नर-सोना में इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है और अदालत के आदेशानुसार मामला दर्ज किया गया है। कविता देवी नामक महिला ने मेरठ के एक अस्पताल के खिलाफ आरोप लगाया है कि साल 2017 में इलाज के दौरान उसका एक गुर्दा निकाल लिया गया। पीड़ित महिला ने कहा, 2017 में मुझे बुखार हुआ और चिकित्सक ने ऑपरेशन के लिए कहा तो मैंने ऑपरेशन करा लिया। इसी दौरान चिकित्सक ने गुर्दा निकाल लिया। जब मैं ठीक नहीं हुई तो 2022 में जांच कराई तब पता चला कि मेरा एक गुर्दा नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस संबंध में जांच की जा रही है। अस्पताल के संचालकों, चिकित्सक सुनील गुप्ता और उनकी पत्नी समेत विभिन्न लोगों के खिलाफ मानव अंग की अवैध तस्करी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

गोरखपुर (उप्र) : उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 12 साल की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में हुक्का बार के मालिक और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर बंधक बनाकर लड़की से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार शाम तीनों आरोपियों को गिरफ्तार लिया। पुलिस के मुताबिक, लड़की 31 दिसंबर की शाम अपने दो दोस्तों के साथ एक स्कूटर पर सवार होकर कहीं गई थी, जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी तो उसकी मां ने उसके दोस्तों से पूछा, लेकिन वे कुछ नहीं बता सके। पुलिस के अनुसार बाद में लड़की की मां ने रामगढ़ताल पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद जांच के दौरान पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार लड़की ने बताया कि उसे एक हुक्का बार में ले जाया गया जहां बार के मालिक अनिरुद्ध ओझा और उसके दो साथियों ने उससे दुष्कर्म किया। अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि लड़की के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी में सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोप जोड़े गए हैं।

सर्दियों में कैसे करें लिवर को डिटॉक्स



सर्दियों का मौसम आते ही शरीर की जरूरतें बदल जाती हैं। ठंड के मौसम में आप गरम कपड़ों और सूप जैसे गरम खाद्य पदार्थों को अधिक तवज्जो देती हैं, वहीं लिवर के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। लिवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, जो विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है, खून साफ करता है और स्वस्थ रखता है। गर्मियों के मौसम में लिवर को डिटॉक्स करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन सर्दियों का क्या? इस समय भी तो आपको लिवर को डिटॉक्स करना होगा।

हल्दी, अदरक और नींबू

सर्दियों में हल्दी, अदरक और नींबू जैसे प्राकृतिक तत्व शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करते हैं। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ ही करक्यूमिन नामक तत्व होता है, जो लिवर की कोशिकाओं को नुकसान से बचाता है।

अदरक पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाता है और लिवर के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा नींबू विटामिन सी भरपूर होता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।

आप इन तीनों का मिश्रण बनाकर सेवन कर सकती हैं या अलग-अलग रूप में अपनी पसंद के अनुसार भी इसका सेवन कर सकती हैं। आप इनका सेवन गुनगुने पानी के साथ भी कर सकती हैं, जो लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।

ताजे साइट्रस फल

सर्दियों में ताजे साइट्रस फल, जैसे कि संतरा, नींबू, मौसमी और अंगूर लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। साइट्रस फलों में प्राकृतिक एसिड होता है, जो लिवर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सहायक है। आप इन फलों का सेवन साबुत रूप में कर सकती हैं या इन का जूस बनाकर भी पी सकती हैं। ये आपके लिवर के साथ-साथ त्वचा और इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाते हैं।

गरम या गुनगुना पानी

सर्दियों में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि ठंड के मौसम में लोग कम पानी पीते हैं। इसलिए आप गर्म या गुनगुने पानी का सेवन करें, जो लिवर को साफ करने और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करेगा। आप सुबह-सुबह एक गिलास गरम पानी पी सकती हैं और दिन भर गुनगुने पानी का सेवन कर सकती हैं। गरम पानी के सेवन से पाचन क्रिया अच्छी रहती है और लिवर को डिटॉक्स करने में भी मदद मिलती है।

फल और सब्जियां

सर्दियों में हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे कि पालक, बथुआ, मूली के पत्ते और गाजर लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इन सब्जियों में फाइबर, विटामिन और खनिज होते हैं, जो शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं और लिवर की कार्यप्रणाली को ठीक रखते हैं। इसके अलावा, चुकंदर, कद्दू और ब्रोकली जैसी सब्जियां भी लिवर की सफाई में मदद करती हैं। इन फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व लिवर की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं।

शारीरिक गतिविधियां

इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए लिवर डिटॉक्सिकरण के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां भी बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। व्यायाम और योग करने से शरीर में खून का संचार बेहतर होता है और लिवर को विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। आप सर्दियों में हल्के-फुल्के योग या अन्य शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल कर सकती हैं।

सबसे बेहतर प्राकृतिक तरीके

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभाकर भूषण मिश्रा कहते हैं, सर्दियां में अपने लीवर को डिटॉक्स करने के लिए फाइबर से भरपूर सब्जियों, जैसे कि पत्तेदार साग, ब्रोकली, फूलगोभी के साथ कई फल, जैसे कि सेब, अंगूर और साइट्रस फल खाएं, जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। एवोकाडो और नट्स के माध्यम से हेल्दी फैट्स को आहार में शामिल करें। प्रोसेस्ड फूड के सेवन को सीमित करें, क्योंकि ये लिवर पर अधिक दबाव डालते हैं। हल्दी और अदरक को डाइट में शामिल करें, क्योंकि इन में सूजन-रोधी गुण होते हैं। पूरे दिन भरपूर पानी पीएं और इसके डिटॉक्स प्रभाव को बढ़ाने के लिए इसमें नींबू के टुकड़े डालें। जैतून के तेल को अपनी डाइट में शामिल करें, ताकि लिवर स्वस्थ रह सके।

क्या आपके लिए भी अच्छी नींद पाना हो गया है मुश्किल?

अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है रोज रात में अच्छी और गहरी नींद लेना। तमाम अध्ययनों से पता चलता है कि वयस्कों को रोजाना रात में कम से कम 6-9 घंटे की गहरी नींद जरूर लेनी चाहिए। एक रात भी अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो अगले दिन सेहत पर इसका दुष्प्रभाव हो सकता है। क्या आप अच्छी नींद ले पा रहे हैं?

ये सवाल इसलिए क्योंकि हाल के वर्षों में नींद न आने की समस्या (अनिद्रा) के मामलों में काफी वृद्धि हुई है। वयस्कों से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु के लोगों को इसका शिकार देखा जा रहा है। अनिद्रा क्या किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का कारण है या इसकी वजह से आपको कोई गंभीर बीमारी हो सकती है? नींद की समस्याओं से छुटकारा कैसे पाया जा सकता है, आइए इन सबके बारे में विस्तार से समझते हैं।

नींद न आने की समस्या (अनिद्रा)

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए अच्छी नींद की जरूरत होती है। नींद के दौरान शरीर में कई प्रकार की रासायनिक क्रियाएं होती हैं, हार्मोन्स उत्पादित होते हैं जो आपको स्वस्थ रखने और तरोताजा बनाए रखने में मदद करते हैं। हालांकि आधुनिक जीवनशैली, तनाव और अन्य कई कारकों के कारण बहुत से लोग नींद न आने की समस्या से जूझ रहे हैं।

यह समस्या न केवल थकावट का कारण बनती है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का रूप भी ले सकती है। दीर्घकालिक रूप में इसके कारण हाइपरटेंशन और अवसाद जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

नींद की गोलियों या 'मेलाटोनिन की गोलियों' की न बनाएं आदत

अक्सर लोग नींद की समस्याओं को दूर करने के लिए 'मेलाटोनिन' टेबलेट लेना शुरू कर देते हैं।

मेलाटोनिन एक हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे के प्रति प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपके सर्कैडियन रिदम (आंतरिक घड़ी) और नींद में मदद करता है। बाजार में मेलाटोनिन के स्तर को कंट्रोल करने के लिए कई टेबलेट मौजूद हैं। यह सप्लीमेंट मस्तिष्क में पीनियल ग्रंथि द्वारा स्वाभाविक रूप से उत्पादित हार्मोन का एक सिंथेटिक वर्जन होते हैं जो नींद लाने में मददगार हो सकते हैं।

हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस सप्लीमेंट पर निर्भर होने से बचना चाहिए। नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में स्लीप संबंधित श्वसन विकारों की डॉक्टर नीतू जैन कहती हैं, अनिद्रा की समस्या में मेलाटोनिन का सहारा नहीं लेना चाहिए। आप पहले ये समझने की कोशिश करिए कि नींद न आने की वजह क्या है और उसमें कैसे सुधार किया जा सकता है?

नींद न आने की समस्या कई तरह से नुकसानदायक

नींद विकारों की समस्या कई प्रकार से आपकी शारीरक और मानसिक सेहत को प्रभावित करने वाली हो सकती है। अनिद्रा की दिक्कत बने रहने के कारण थकान और ऊर्जा की कमी तो होती ही है साथ ही आपकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने,मोटापा और हृदय रोग की समस्या, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम भी बढ़ जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर भी नींद की कमी के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसके कारण आपको एकाग्रता और याददाश्त कमजोर होने, अवसाद और चिड़चिड़ापन की समस्या होने, उत्पादकता में कम का जोखिम रहता है। लंबे समय तक नींद की दिक्कत बने रहने के कारण डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

कैसे पाएं आराम?

विशेषज्ञ कहते हैं, दवाओं पर निर्भर होने की जगह स्लीप हाइजीन में सुधार करें। इसके लिए रोज सोने का एक समय रखना, अपने दिमाग को आराम देने वाले उपाय जैसे मेडिटेशन-अच्छे संगीत सुनना, शरीरिक रूप से सक्रिय रहना और सोने से कम से कम एक घंटे पहले स्क्रीन या डिवाइस से दूर रहना शामिल है।

समय पर न सोना और जागना

काम के घंटे बदलना या रात को देर तक काम करना नींद के चक्र को प्रभावित करता है। मोबाइल-कंप्यूटर जैसे उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करती है, जिससे नींद नहीं आती। इनमें सुधार जरूरी हैं।

अक्सर होता रहता है माइग्रेन तो हो जाइए सावधान

क्या आपको अक्सर सिर में दर्द होता रहता है? कुछ स्थितियों जैसे तेज शोर, तेज रोशनी, ठंड या गर्मी के कारण ये समस्या बढ़ जाती है? अगर हां तो सावधान हो जाइए, ये माइग्रेन का लक्षण हो सकता है। माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मुख्यरूप से सिर के एक हिस्से में दर्द, असहजता और उल्टी-मितली जैसी दिक्कतें पैदा करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको अक्सर माइग्रेन होता रहता है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दें। कुछ मामलों में माइग्रेन अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है, इसके अलावा दीर्घकालिक रूप में माइग्रेन कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माइग्रेन क्यों होता है इसका सटीक कारण अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है, हालांकि कुछ स्थितियां इसको बढ़ाने वाली हो सकती हैं। यदि आपके परिवार में किसी को माइग्रेन की समस्या रही है, तो अन्य लोगों में भी इसका खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में कुछ प्रकार के रसायनिक असंतुलन के कारण भी ये समस्या हो सकती है।

डॉक्टर कहते हैं, इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

पोषक तत्वों की कमी और माइग्रेन का खतरा

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर में कुछ प्रकार के विटामिन्स और मिनरल्स की कमी के कारण भी माइग्रेन की समस्या हो सकती है या फिर ये ट्रिगर हो सकती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में मैग्नीशियम की कमी होने की आशंका दूसरों की तुलना में अधिक होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि मैग्नीशियम का सप्लीमेंट लेने से माइग्रेन के सिरदर्द को रोकने में मदद मिल सकती है। इस विषय पर किए गए एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि डॉक्टर की सलाह पर अगर एक ग्राम मैग्नीशियम सप्लीमेंट लिया जाए तो आम दवा की तुलना में ये तीव्र माइग्रेन अटैक को कम करने में प्रभावी हो सकती है।

आहार में मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने से सिरदर्द की समस्या से बचाव करने में मदद मिल सकती है।

माइग्रेन के कारण स्ट्रोक का खतरा

माइग्रेन का आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में अवसाद, चिंता और घबराहट संबंधी विकारों जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा अन्य लोगों की तुलना में अधिक होती है। इसके अलावा माइग्रेन से पीड़ित लोगों में नींद संबंधी विकारों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर भी चिंता जताई गई है कि माइग्रेन की दीर्घकालिक स्थित आपके जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने के जोखिम को लगभग दोगुना कर सकती है।

माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।

न्यूज इन ब्रीफ

कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, न्यूनतम तापमान में गिरावट

श्रीनगर : कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप काफी बढ़ गया है और घाटी में रात के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि अगले कुछ दिनों तक घाटी में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में मंगलवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस नीचे से कम है। 'स्कीइंग' के लिए प्रसिद्ध उत्तरी कश्मीर के पर्यटक स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे से कम है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे, पंपोर शहर के कोनीबल में शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे, कुपवाड़ा में शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे और कोकेरनाग में शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

कन्नड़ अभिनेता विजय कुमार का निधन

बेंगलुरु : कन्नड़ अभिनेता आर. विजय कुमार का बुधवार को निधन हो गया। आर. विजय कुमार को उनके रंगमंच नाम 'सारिगामा विजी' के नाम से भी जाना जाता था। वह 77 वर्ष के थे। आर. विजय कुमार के बेटे रोहित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनके पिता फेफड़े में संक्रमण की समस्या से पीड़ित थे और उनका मल्लेश्वरम स्थित मणिपाल अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने कहा, ''जब वह बीमार पड़े तो हमने सोचा कि यह मौसमी संक्रमण है। लेकिन, पिछले सात दिनों में स्थिति बिगड़ती चली गई और आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई।'' विजी ने 1975 में कन्नड़ फिल्म 'बेलुवलदा मदिलल्ली' में बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने कन्नड़ में 269 फिल्मों में अभिनय किया और करीब 80 फिल्मों में सहायक निर्देशक के तौर पर भी काम किया। हालांकि, उन्हें उनके रंगमंच नाटक 'संसारदल्ली सारिगामा' के लिए ज्यादा जाना जाता है, जिसका निर्देशन और अभिनय उन्होंने ही किया था। उनके बेटे ने बताया कि उनके थिएटर ग्रुप यशस्वी ने इस नाटक का 1,390 से ज्यादा बार मंचन किया है, न सिर्फ बेंगलुरु में बल्कि हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली और मुंबई में भी।

दिल्ली में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी पहली बार अपना वोट डालेंगे

नयी दिल्ली : दिल्ली की पुनर्वास बस्ती मजनू का टीला इलाके के पास संकरी गलियों और अस्थायी घरों में रहने वाले पाकिस्तानी शरणार्थी इस देश में गर्व और कृतज्ञता के भाव के साथ पहली बार अपना वोट डालने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे वे अब अपना घर कहते हैं। पाकिस्तान में उत्पीड़न से बचने के लिए भागकर आए ये पुरुष और महिलाएं भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने से उत्साहित हैं। उन्हें इस अधिकार की लंबे समय से ख्वाहिश थी। उनके लिए दिल्ली विधानसभा का यह चुनाव सिर्फ वोट देने के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारतीय नागरिक के रूप में उनकी पहचान का प्रतीकात्मक दावा भी है। 2013 से दिल्ली में बसे इन परिवारों में से कई अब सम्मानजनक जीवन और राजनीतिक भागीदारी के अपने सपने को साकार होते देख रहे हैं।

भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता 16 फरवरी से शुरू होगी

नयी दिल्ली : भारत और बांग्लादेश के बीच दो बार स्थगित हो चुकी महानिदेशक (डीजी) स्तर की वार्ता अब 16 फरवरी से दिल्ली में होने की उम्मीद है, जिसमें बाड़ लगाने और बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद घुसपैठ की कोशिशों में बढ़ोतरी का मुद्दा चर्चा का प्रमुख एजेंडा रहेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल 16 से 19 फरवरी के बीच भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ इस द्विवार्षिक वार्ता में चर्चा करेगा।पिछले साल पांच अगस्त को शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दोनों सेनाओं के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय चर्चा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता के मुद्दों पर काम किया जा रहा है।

भारत की आध्यात्मिक संस्कृति सेवा की भावना से प्रेरित है: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवी मुंबई में इस्कॉन के श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया

नवी मुंबई : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति सेवा की भावना में गहराई से निहित है और उनकी सरकार एक दशक से अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रही है। नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने शौचालयों का निर्माण, गरीबों के लिए घर और नागरिकों को एलपीजी कनेक्शन तथा चिकित्सा बीमा प्रदान करने जैसे कई कल्याणकारी उपाय शुरू किए हैं। उन्होंने कहा, ''सेवा की भावना धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है। हमारी आध्यात्मिक संस्कृति का मुख्य आधार सेवा की भावना है। भारत केवल भौगोलिक सीमाओं से घिरा हुआ भूमि का एक टुकड़ा नहीं है। यह एक जीवंत भूमि है, जीवंत संस्कृति है। ज्ञान ही अध्यात्म है और अगर हम भारत को समझना चाहते हैं तो हमें अध्यात्म को आत्मसात करना होगा।'' उन्होंने कहा कि भगवद्गीता की शिक्षाओं का प्रसार कर रहे इस्कॉन के अनुयायी दुनियाभर में भगवान कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति के कारण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मोदी ने कहा कि इस्कॉन की सेवा भावना युवाओं को प्रेरित करती है और उन्हें एक संवेदनशील समाज बनाने में मदद करती है जो मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने भारत को एक ''असाधारण, अद्भुत भूमि'' बताते हुए कहा कि सच्ची सेवा निस्वार्थ मानवीय प्रयास का प्रतीक है, जहां कोई अन्य हित नहीं होता। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर में ईश्वर के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित किया गया है और नयी पीढ़ी की रुचि को ध्यान में रखते हुए हिंदू महाकाव्यों रामायण और महाभारत पर आधारित एक संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि नौ एकड़ में फैला मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को समृद्ध करने वाला एक पवित्र केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इस्कॉन के अनुयायी भगवान कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति के कारण एकजुट हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक अन्य जोड़ने वाला सूत्र आंदोलन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद स्वामी की शिक्षाएं हैं, जो भक्तों का हमेशा मार्गदर्शन करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वेदों, वेदांत और गीता के महत्व को बढ़ावा दिया तथा उनकी शिक्षाओं को आम लोगों की चेतना से जोड़ा। मोदी ने कहा कि 70 वर्ष की आयु में, जब अधिकांश लोग अपने दायित्वों को निभा चुके होते हैं, श्रील प्रभुपाद स्वामी ने इस्कॉन मिशन की शुरुआत की और दुनिया भर की यात्रा की तथा भगवान कृष्ण के संदेश को हर कोने तक फैलाया।

दिल्ली हवाई अड्डा: कोहरे के कारण 300 से अधिक उड़ानें देरी से चलीं

नयी दिल्ली : घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन पर काफी असर पड़ा। कोहरे के कारण छह उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुई और कुछ समय के लिए विमानों का प्रस्थान रोक दिया गया। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड (डायल) ने अपराह्न दो बजकर 20 मिनट पर 'एक्स' पर एक अद्यतन जानकारी में कहा, ''दिल्ली हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी दृश्यता में सुधार हो रहा है और उड़ान परिचालन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है।'' एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में खराब मौसम के कारण सुबह आठ बजे से सुबह साढ़े 10 बजे के बीच छह उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें जयपुर भेज दिया गया। साथ ही, कम दृश्यता की स्थिति के कारण आज सुबह कुछ समय के लिए उड़ानों का प्रस्थान रोक दिया गया। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन 'इंडिगो' ने अपराह्न तीन बजकर 47 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में कोहरा छंटने लगा है और हवाई पट्टी पर दृश्यता में सुधार हुआ है। एयरलाइन ने कहा, ''थोड़ा और धैर्य बनाए रखें और हम जल्द सुचारू परिचालन शुरू कर देंगे। हवाई क्षेत्र में थोड़ी भीड़ दिख रही है, लेकिन हम आपको आश्वस्त करते हैं कि उड़ानों की आवाजाही में तेजी आनी शुरू हो गई है।'' 'फ्लाइटराडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। 'एअर इंडिया' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घने कोहरे की वजह से खराब दृश्यता और हवाई अड्डों पर विमानों उड़ान संचालन प्रभावित हो सकती हैं।

केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया, 1.73 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की

नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया और कुल 1.73 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की। निर्वाचन आयोग को सौंपे गए केजरीवाल के हलफनामे के अनुसार, उनकी संपत्ति में 2.96 लाख रुपये की बैंक बचत और 50,000 रुपये नकद शामिल हैं। उनकी अचल संपत्ति 1.7 करोड़ रुपये की है। हलफनामे से खुलासा हुआ है कि केजरीवाल के पास कोई घर या कार नहीं है। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में केजरीवाल की आय 7.21 लाख रुपये थी। हलफनामे में कहा गया है कि केजरीवाल की पत्नी सुनीता के पास कुल 2.5 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसमें एक करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति और 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है।

महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए हवाई किरायों में जोरदार उछाल, मांग भी बढ़ी

नयी दिल्ली : महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए उड़ानों की बुकिंग के साथ-साथ हवाई किराये में भी कई गुना वृद्धि हुई है। दिल्ली से प्रयागराज की उड़ानों के लिए टिकट की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। यात्रा पोर्टल इक्सिगो के विश्लेषण के अनुसार, भोपाल और प्रयागराज के बीच एकतरफा हवाई किराया पिछले साल जहां 2,977 रुपये था, वहीं अब यह 498 प्रतिशत बढ़कर 17,796 रुपये हो गया है। ये 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक के लिए 30 दिन की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर एकतरफा औसत किराये हैं। ये पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में हैं। दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया 21 प्रतिशत बढ़कर 5,748 रुपये हो गया है, जबकि मुंबई-प्रयागराज उड़ान के लिए यह 13 प्रतिशत बढ़कर 6,381 रुपये हो गया है। विश्लेषण के अनुसार, बेंगलुरु-प्रयागराज उड़ान के लिए हवाई टिकट की कीमत 89 प्रतिशत बढ़कर 11,158 रुपये हो गई है, जबकि अहमदाबाद-प्रयागराज उड़ान का किराया 41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,364 रुपये हो गया है। प्रयागराज के निकट स्थित शहरों- लखनऊ और वाराणसी के लिए हवाई किराये में तीन से 21 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। विश्लेषण से पता चला कि सालाना आधार पर प्रयागराज के लिए उड़ान बुकिंग में 162 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लखनऊ और वाराणसी के लिए बुकिंग में क्रमशः 42 प्रतिशत और 127 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े 13 जनवरी से 26 फरवरी की अवधि के हैं।

सीआरएस ने कश्मीर में नवनिर्मित बड़ी रेल लाइन पर यात्री रेलगाड़ी को चलाने की अनुमति दी

जम्मू : उत्तरी सर्कल के रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली नवनिर्मित बड़ी (ब्रॉड गेज) रेल लाइन पर यात्री रेलगाड़ियों को चलाने की मंगलवार को अनुमति दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीआरएस ने करीब एक सप्ताह पहले उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के कटरा-रियासी खंड का दो दिवसीय निरीक्षण किया था जिसके बाद अब यह मंजूरी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि सीआरएस ने सात और आठ जनवरी को अपने विस्तृत निरीक्षण के आधार पर संबंधित मंत्रालय और मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त सहित रेलवे अधिकारियों को सात पन्नों के पत्र में मालगाड़ी और यात्री रेलगाड़ियों को चलाने की अनुमति दे दी है जो बहुप्रतीक्षित महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने का संकेत है। कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम 1997 में शुरू हुआ था और भौगोलिक तथा मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसका काम कई बार तय समयसीमा पर पूरा नहीं हो पाया। यूएसबीआरएल परियोजना के तहत कुल 272 किलोमीटर रेल लाइन में से 209 किलोमीटर पर काम कई चरणों में शुरू किया गया, जिसमें पहले चरण के तहत 118 किलोमीटर का काजीगुंड-बारामूला खंड अक्टूबर 2009 में शुरू हुआ, इसके बाद जून 2013 में 18 किलोमीटर का बनिहाल-काजीगुंड मार्ग, जुलाई 2014 में 25 किलोमीटर उधमपुर-कटरा मार्ग और पिछले साल फरवरी में 48.1 किलोमीटर लंबा बनिहाल-संगलदान खंड शुरू हुआ। संगलदान-रियासी के बीच 46 किलोमीटर लंबे खंड का काम भी पिछले साल जून में पूरा हो गया था लेकिन रियासी और कटरा के बीच कुल 17 किलोमीटर का हिस्सा बच गया था और यह खंड भी दिसंबर 2024 में पूरा हो गया।

असम में तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि असम के कछार जिले में अलग-अलग अभियान में पांच संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया और तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि एक अभियान सिलचर बाईपास पर और दूसरा सोनाई में चलाया गया। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मादक पदार्थ विरोधी अभियान को आगे बढ़ाते हुए कछार पुलिस ने दो जगह कार्रवाई की।'' उन्होंने बताया कि सिलचर बाईपास पर अभियान के दौरान 60 लाख रुपये मूल्य की 88 ग्राम हेरोइन बरामद की गई तथा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। सोनाई में दूसरे अभियान में तीन लोगों को पकड़ा गया और उनके पास से तीन करोड़ रुपये मूल्य की 9,000 याबा गोलियां बरामद की गईं।

केंद्र ने कर्मचारियों को एलटीसी के तहत तेजस, वंदे भारत ट्रेन से यात्रा की अनुमति दी

नयी दिल्ली : केंद्र ने अपने कर्मचारियों को अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के तहत तेजस, वंदे भारत और हमसफर ट्रेनों से यात्रा करने की अनुमति दे दी है। यह कदम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को एलटीसी के तहत विभिन्न प्रीमियम ट्रेनों की स्वीकार्यता के बारे में विभिन्न कार्यालयों/व्यक्तियों से कई सुझाव मिलने के बाद उठाया गया है। डीओपीटी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा, '' इस विभाग ने व्यय विभाग के परामर्श से मामले पर गौर किया और यह निर्णय लिया गया है कि मौजूदा राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेनों के अलावा अब सरकारी कर्मचारियों की पात्रता के अनुसार एलटीसी के तहत तेजस एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा की अनुमति होगी। पात्र केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी का लाभ उठाने पर सवेतन अवकाश के अलावा उनके द्वारा अन्य यात्राओं के लिए टिकट पर किया गया खर्च भी वापस मिल जाता है।

मेटा इंडिया ने जुकरबर्ग की टिप्पणी के लिए माफी मांगी, अनजाने में हुई भूल बताया



नयी दिल्ली : मेटा इंडिया ने बुधवार को अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग की उस टिप्पणी के लिए माफी मांगी जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की मौजूदा सरकार 2024 के चुनावों में हार गई थी। मेटा इंडिया ने इसे ''अनजाने में हुई भूल'' बताया है। मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष शिवनाथ ठुकराल ने 'एक्स' पर लिखा, ''मंत्री अश्विनी वैष्णव, मार्क जुकरबर्ग का यह बयान कि 2024 के चुनावों में कई सत्तारूढ़ पार्टियां फिर से निर्वाचित नहीं हुईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। उन्होंने कहा, ''हम अनजाने में हुई इस भूल के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए महत्वपूर्ण देश बना हुआ है और हम इसके अभिनव भविष्य के केंद्र में होने की आशा करते हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इससे पहले जो रोगन पॉडकास्ट पर जुकरबर्ग द्वारा की गई टिप्पणियों की आलोचना की थी। सूचना और प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिक (आईटी) मंत्री वैष्णव ने 13 जनवरी को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''जुकरबर्ग का यह दावा कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारों को कोविड महामारी के बाद हार का सामना करना पड़ा, तथ्यात्मक रूप से गलत है। वैष्णव ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने 2024 के आम चुनाव का संचालन किया, जिसमें 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, ''भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में अपने विश्वास को फिर से दोहराया।

अब कृष्ण जन्माष्टमी पर कश्मीर में शोभायात्रा निकलने पर कोई शरारत करने की हिम्मत नहीं करता: शाह

अहमदाबाद : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान रद्द किये जाने के बाद जम्मू कश्मीर में स्थिति में सुधार हुआ है और अब श्रीनगर के लाल चौक से कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा के गुजरने के दौरान कोई भी शरारत करने की हिम्मत नहीं करता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने गांधीनगर जिले के कलोल में कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे जिन्होंने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू किया था। अनुच्छेद 370 के तहत क्षेत्र को विशेष दर्जा दिया गया था। चौदह जनवरी से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर आए शाह ने कहा, ''2019 में अनुच्छेद 370 को हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीयों के लिए भारत के स्वाभिमान और उसके सम्मान से बड़ा कुछ नहीं है।'' वह कलोल शहर में 194 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री शाह ने कहा, ''एक समय था जब श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए सेना की मदद की जरूरत होती थी। लेकिन आज, जब कृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा चौक से गुजरती है तो कोई भी शरारत करने की हिम्मत नहीं करता।'' उन्होंने कहा कि करीब 2.80 करोड़ पर्यटक, जिनमें से ज्यादातर गुजरात से हैं, कश्मीर गए और बिना किसी परेशानी के सुरक्षित वापस लौटे। उन्होंने कहा कि यह बदलाव प्रधानमंत्री मोदी के मेहनती, संवेदनशील और सतर्क नेतृत्व का नतीजा है। गांधीनगर से लोकसभा सदस्य शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और यह निश्चित है कि हम 2027 में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम 2047 तक भारत को नंबर एक देश बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं और भगवान निश्चित रूप से हमारे प्रयास में हमारी मदद करेंगे।''

न्यूज अपडेट

अदालत ने हत्या मामले में नौ व्यक्तियों की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदला

कटक : उड़ीसा उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2016 के तिहरे हत्याकांड के एक मामले में नौ लोगों की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। रायगड़ा जिले की एक अदालत ने एक परिवार के तीन सदस्यों की जादू-टोना के संदेह में हत्या करने के लिए 2021 में इन लोगों को फांसी की सजा सुनायी थी। पीड़ित और हत्यारे दोनों रायगड़ा जिले के पुट्टासिंग पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कितुम गांव के निवासी थे। न्यायमूर्ति एस के साहू और न्यायमूर्ति आर के पटनायक की खंडपीठ का विचार था कि इस मामले में मृत्युदंड अनुचित है और आजीवन कारावास उचित होगा। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''हम मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलते हैं। उन्हें तीनों हत्याओं के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनायी जाती है और सजाएं एक साथ चलेंगी।'' अदालत ने कहा कि उन्हें बिना किसी और छूट या सजा में बदलाव के अपने शेष जीवन के लिए जेल में रहना होगा। जिन व्यक्तियों की हत्या की गई थी उनकी पहचान असिना साबर, उनकी पत्नी अंबाई और उनकी बड़ी बेटी असीमानी के रूप में की गई थी। परिवार की छोटी बेटी मेलिता और दो छोटे भाई भागने में सफल रहे थे। उच्च न्यायालय ने ओडिशा सरकार को ओडिशा पीड़ित मुआवजा (संशोधन) योजना-2018 के तहत चार सप्ताह के भीतर मेलिता और उसके दो भाइयों को समान अनुपात में 30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश भी दिया।

यूपीएससी धोखाधड़ी मामला: न्यायालय ने पूजा खेडकर को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी एवं गलत तरीके से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और दिव्यांग श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाने की आरोपी, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को बुधवार को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली खेडकर की याचिका पर दिल्ली सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया। पीठ ने निर्देश दिया, ''नोटिस जारी किया जाता है और 14 फरवरी, 2025 तक इस पर जवाब दें। अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए।'' सुनवाई के दौरान खेडकर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए उनके खिलाफ कड़ी टिप्पणियां की थीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि खेडकर के साथ अब तक कुछ भी नहीं हुआ है और ''किसी ने उन्हें छुआ तक नहीं है''।

भ्रामक विज्ञापनों को लेकर कार्रवाई न होने पर राज्यों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की जाएगी: न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी दी कि यदि वे भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे तो उनके विरुद्ध अवमानना कार्रवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की ओर से प्रस्तुत नोट का अवलोकन किया और पाया कि कई राज्य संबंधित निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। फरासत इस मामले में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''हम यह स्पष्ट करते हैं कि यदि हमें यह पता चलता है कि किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने संबंधित निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है, तो हमें संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाफ अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्यवाही शुरू करनी पड़ सकती है।'' भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित मुद्दा 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते समय शीर्ष अदालत के समक्ष उठा था, जिसमें पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने मीडिया में प्रकाशित या प्रदर्शित किए जा रहे भ्रामक विज्ञापनों के पहलू को उजागर किया था, जो औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 और संबंधित नियमों; औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के विपरीत हैं। फरासत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अब तक दायर हलफनामों के अनुसार, 1954 के संबंधित अधिनियम के तहत वस्तुतः कोई मुकदमा नहीं चलाया जा रहा है।

पू. सी. रेलवे की आरपीएफ ने दिसंबर, 24 में 04 दलालों को पकड़ा

1.15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के रेलवे टिकट बरामद

मालीगांव : पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पिछले महीने इस जोन में चलाए गए अलग-अलग जांच अभियान में रेलवे टिकटों की अवैध बिक्री मामले में 04 दलालों को पकड़ा। दिसंबर में, पू. सी. रेलवे की आरपीएफ ने उक्त अभियानों के दौरान विभिन्न स्थानों से 1.15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के 45 (06-लाइव और 39-उपयोग किए गए) रेलवे टिकट बरामद किए। पकड़े गए दलालों पर रेल अधिनियम की संबंधित धारा के तहत मुकदमा चलाया गया। हाल ही में 22 दिसंबर को कटिहार की आरपीएफ सीआईबी टीम और पूर्णिया की आरपीएफ टीम ने संयुक्त रूप से बिहार के पूरनगंज स्थित 'गालिब कंप्यूटर्स' पर छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने 20 ई-टिकट (01 लाइव और 19 उपयोग किए हुए) बरामद किए, जिनकी कीमत करीब 47,928.30 रुपये थी और इस सिलसिले में एक दलाल को गिरफ्तार किया। आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट, पूर्णिया में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। 07 दिसंबर को एक अन्य अभियान में, आरपीएफ/लामडिंग की सीआईबी टीम ने न्यू हाफलंग की आरपीएफ टीम के साथ मिलकर एक दलाल को पकड़ा और उसके पास से लगभग 2530 रुपये का एक रेलवे टिकट बरामद किया। आगे की कार्रवाई के लिए न्यू हाफलंग आरपीएफ पोस्ट में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। पू. सी. रेलवे की आरपीएफ अनधिकृत एवं अवैध रेलवे टिकटों की खरीद पर कड़ी निगरानी रखती है। पू. सी. रेलवे प्राधिकरण सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं से बचने के लिए उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।

न्यूज ब्रीफ

मुंबई रणजी टीम के शिविर से जुड़े जायसवाल

मुंबई: भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के लिए अपनी उप-लब्धता की पुष्टि करने के बाद बुधवार को यहां मुंबई की टीम के शिविर में शामिल हो गए, लेकिन पहले दिन दो अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा दूसरे दिन नजर नहीं आए। मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी का अभ्यास करने वाले रोहित के एक या दो दिन में फिर से अभ्यास सत्र में भाग लेने की उम्मीद है। रोहित ने हालांकि अभी तक मुंबई के जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहने की पुष्टि नहीं की है और इस विषय में अभी तक कोई औपचारिक चर्चा भी नहीं हुई है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ''चयनकर्ता 20 जनवरी को टीम की घोषणा कर सकते हैं। इस दौरान प्रत्येक खिलाड़ी की उपलब्धता का पता करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चयन के लिए रोहित से भी संपर्क किया जाएगा।'

चैम्पियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को, पीसीबी को रोहित के आने की उम्मीद

लाहौर: चैम्पियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जायेगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस के शेड्यूल के लिये आईसीसी से सूचना का इंतजार है। आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी से कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच खेलना है।सूत्र ने कहा कि पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिये सरकार से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा ,' इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है।' एक अन्य सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से साफ तौर पर कहा है कि उद्घाटन समारोह पाकिस्तान में होगा।

स्मृति का सबसे तेज शतक, रिकॉर्डों की बारिश, भारत ने 3-0 से श्रृंखला जीती

राजकोट: भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां स्मृति मंधाना के 70 गेंद में सबसे तेज शतक और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े के दम पर कई रिकॉर्ड बनाते हुए आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 304 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत से श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। स्मृति 135 रन (80 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) बनाकर सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। उनकी और प्रतिका की 129 गेंद में 154 रन (20 चौके, एक छक्का) की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर तक पहुंची। यह किसी भी (पुरुष और महिला) भारतीय टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में भारतीय पुरुष टीम का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 418 रन है जो उसने 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। मैच का नतीजा महज औपचारिकता रह गया था। भारत ने आयरलैंड को 31.4 ओवरों में सिर्फ

131 रन पर ढेर कर दिया। कार्यवाहक कप्तान स्मृति और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 26.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी निभाई। फिर भारतीय गेंदबाजों में स्पिनर तनुजा कंवर (31 रन देकर दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (27 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आयरलैंड की कम अनुभवी टीम के पांच विकेट झटककर उसे आउट करने में अहम भूमिका निभाई। आयरलैंड की टीम की शुरूआत काफी खराब रही जिसने 24 रन तक दो विकेट गंवा दिये थे लेकिन ओर्ला प्रेंडरगास्ट (36 रन) और सारा फोर्ब्स (41 रन) के तीसरे विकेट के लिए 64 रन से टीम 88 रन तक पहुंची। पर तनुजा के प्रेंडरगास्ट को आउट करने के बाद भारतीयों ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम की सात खिलाड़ियों को महज 33 रन के अंदर समेट दिया। इससे भारतीय टीम रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इससे पहले टीम ने 2017 में दक्षिण अफ्रीका में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 249 रन से जीत दर्ज की थी। इससे पहले स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर अपना 10वां वनडे शतक जड़ा। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया। इस तरह भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े तक पहुंची। इससे टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है। स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने हवाई शॉट लगाने से भी गुरेज नहीं किया। उनकी पारी में सात छक्के और 12 चौके जड़े थे।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अगर मुक्केबाजी शामिल होती है तो मैं हिस्सा लूंगा : मुक्केबाज निशांत देव

नयी दिल्ली: पेशेवर सर्किट में प्रतिस्पर्धा करने के अपने बचपन के सपने को पूरा करने के लिए तैयार भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने कहा कि इस कदम का मतलब यह नहीं है कि ओलंपिक पदक के लिए उनकी कोशिश खत्म हो जायेगी इसलिये अगर यह खेल 2028 लॉस एंजिलिस में बना रहता है तो वह इसमें शिरकत करेंगे। निशांत ने पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर बनने का फैसला किया। हालांकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। 2023 विश्व चैंपियनशिप में लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) में कांस्य पदक जीतने वाले इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की 'मैचरूम बॉक्सिंग' से करार किया है। उनकी पहली पेशेवर बाउट 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। देव लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स की देखरेख में अपना मुक्केबाजी कौशल निखार रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से पीटीआई से कहा,'मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं।

लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं।' देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था।' ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है। मैं यह जानने के लिए तीन साल तक इंतजार नहीं करना चाहता कि यह ओलंपिक में शामिल नहीं है। इसलिये इस समय का उपयोग मेरे पेशेवर मुक्केबाजी के सपने को पूरा करने में किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, 'मैं अभी 24 साल का हूं और मुझे कहा गया है कि मैं इसके लिए बड़ा हूं। अगर मैंने विजेंदर सिंह या विकास कृष्ण की तरह देर से शुरुआत की होती तो मुझे इसका पछतावा होता क्योंकि इनके पेशेवर करियर का अंत इतना अच्छा नहीं रहा।'

शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा खेल पाना मुश्किल, लेकिन हालात बेहतर हो रहे है : प्रणय

नयी दिल्ली: पिछले कुछ महीनों से अपने जीवन और कैरियर में कई उतार चढाव झेल रहे एच एस प्रणय को संघर्षों ने कड़ी मेहनत करते रहने के लिये प्रेरित किया है और उनके मुताबिक विश्व बैडमिंटन में शीर्ष पर रहने के लिये यह सबसे जरूरी है। चोटों और चिकनगुनिया जैसी बीमारी झेल चुके प्रणय पेरिस ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल से ही बाहर हो गए थे। इसके बाद इस महीने मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में दूसरे दौर तक पहुंचे।इंडिया ओपन में वह दूसरे दौर में हार गए।उन्होंने कहा ,' पिछले कुछ महीने कठिन रहे लेकिन हालात बेहतर हो रहे हैं। मुझे अपने खेल में भी सुधार दिख रहा है। मुझे लगता है कि लगातार शीर्ष स्तर पर ब्रेक के बिना अच्छा खेल पाना कठिन चुनौती है।' प्रणय ने कहा ,'

चिकनगुनिया के बाद सामान्य हो पाना कठिन था। मैं 60 से 70 प्रतिशत ही फिट हूं। मेरे लिये सर्किट पर लगातार खेलते रहना जरूरी है। मलेशिया में प्रदर्शन ठीक ठाक रहा लेकिन उसके बाद फिट चोट लग गई। मुझे सर्किट पर लौटकर अच्छा लग रहा है। आज अच्छा नहीं खेल सका लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अभी शुरूआत ही हुई है और फोकस लगातार अच्छा खेलने पर है।'

न्यूज अपडेट

पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी का न्यूनतम टिकट 310 रूपये का

कराची: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रूपये का रखा है जो भारतीय मुद्रा में 310 रूपये के बराबर होगा। पीसीबी के एक अंदरूनी दस्तावेज में यह बताया गया है जिसकी प्रति पीटीआई के पास है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि दुबई में होने वाले भारत के मैचों की टिकट दर क्या होगी। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल और फाइनल खेलती है तो वह भी दुबई में आयोजित होंगे। दस्तावेज के अनुसार पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले मैचों के न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रूपये के रखे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के रावलपिंडी में होने वाले मैचों के टिकटों की कीमत 2000 पाकिस्तानी रूपये (620 भारतीय रूपये) और सेमीफाइनल के 2500 पाकिस्तानी रूपये (776 भारतीय रूपये) होगी।पीसीबी ने सभी मैचों की वीवीआईपी टिकट 12000 पाकिस्तानी रूपये (3726 भारतीय रूपये) की रखी है लेकिन सेमीफाइनल में यह 25000 (7764 भारतीय रूपये) की होगी। कराची में प्रीमियर दीर्घा की टिकट 3500 पाकिस्तानी रूपये (1086 भारतीय रूपये), लाहौर में 5000 (1550 भारतीय रूपये) और रावलपिंडी में पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच का टिकट 7000 (2170 भारतीय रूपये) है।

लक्ष्य और भव्या राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के ट्रैप फाइनल में

नयी दिल्ली: हरियाणा के गत चैंपियन लक्ष्य श्योराण और दिल्ली की भव्या त्रिपाठी ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की शॉटगन स्पर्धा में क्रमश: पुरुष और महिला ट्रैप फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य क्वालीफिकेशन में 92 पुरुष निशानेबाजों में शीर्ष स्थान पर रहे जबकि भव्या ने महिला क्वालीफिकेशन में पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष और महिला वर्ग के क्वालीफिकेशन में से छह छह निशानेबाज बृहस्पतिवार को फाइनल खेलेंगे। पूर्व एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य ने क्वालीफिकेशन के पहले दिन 75 में से 73 अंक बनाये। उन्होंने बुधवार को 25-25 शॉट से 125 में से 121 अंक जुटाये। हालांकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान तय करने के लिए उन्हें पृथ्वीराज टोंडईमान के साथ शूट ऑफ में शामिल होना पड़ा जिन्होंने भी समान 121 अंक का स्कोर बनाया। 16 शॉट के शूट-ऑफ के बाद लक्ष्य ने सीनियर निशानेबाज टोंडाइमन को पछाड़कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में इन दोनों के साथ अनुभवी जोरावर सिंह संधू भी शामिल होंगे। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतने वाले शार्दुल विहान भी क्वालीफाई करने में सफल रहे। शार्दुल ने जूनियर फाइनल में भी जगह बनाई। महिला वर्ग में पंजाब की राजेश्वरी कुमारी ने 114 के क्वालीफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। दिल्ली की भव्या (110), उत्तर प्रदेश की सबीरा हारिस और मध्य प्रदेश की श्रेष्ठा सिसोदिया भी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

ईस्ट बंगाल ने आईएसएल में सौतेले बर्ताव का आरोप लगाया, खेलमंत्री से दखल की मांग

कोलकाता: इंडियन सुपर लीग के आयोजकों पर 'सौतेले बर्ताव' का आरोप लगाते हुए ईस्ट बंगाल क्लब ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया से दखल देने की मांग की है। क्लब ने यह भी कहा कि पक्षपात, 'रिफ्यूजी क्लब' के ठप्पे और रैफरिंग विवादों से भारत की इस शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में उनकी प्रगति बाधित हुई है। यह घटना गुवाहाटी में शनिवार को हुए मैच के दौरान की है जब ईस्ट बंगाल को चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान ने एक गोल से हरा दिया। क्लब ने दावा किया कि मैच में पक्षपातपूर्ण रैफरिंग की गई और उन्हें एक पेनल्टी नहीं दी गई जबकि मिडफील्डर सौविक चक्रवर्ती को विवादास्पद पीला कार्ड दिया गया जो बाद में लालकार्ड में बदल गया और टीम को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। खेलमंत्री मांडविया को की गई भावनात्मक अपील में ईस्ट बंगाल ने कहा ,'लड़ो, लड़ो और लड़ो। यह पिछले 150 साल से ईस्ट बंगाल क्लब का मोटो हो गया है। इस क्लब और इसके समर्थकों ने विभाजन से पहले और बाद के उथल-पुथल भरे दौर को अपनी जुझारू भावना के बल पर ही झेला है।' ईस्ट बंगाल के महासचिव रूपक साहा ने एक बयान में कहा ,' जबकि विस्थापित लोगों ने अपनी संपत्ति के लिए जी-जान से लड़ाई लड़ी, वहीं क्लब को देश के अग्रणी फुटबॉल क्लब के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए 'शरणार्थी क्लब' के कलंक और टैग से लड़ना पड़ा।'

सरकार 125 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत करे: हीरो मोटोकॉर्प सीईओ

नयी दिल्ली: अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने बुधवार को 125 सीसी तक की क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती की मांग करते हुए कहा कि ये वाहन देश में आम जनता के लिए परिवहन का विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को दीर्घकालिक वृद्धि, स्थिरता और निवेश के रास्ते पर चलना आगे भी जारी रखना चाहिए। गुप्ता ने आगामी केंद्रीय बजट से जुड़ी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो जीएसटी केंद्रीय बजट का विषय नहीं है। लेकिन इसके साथ मैं यह भी कहूंगा कि खासकर 125 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का एक मजबूत मामला बनता है। इसकी वजह यह है कि ये आम लोगों के वाहन हैं।'

वर्तमान में सभी तरह के दोपहिया वाहनों के लिए 28 प्रतिशत की एकसमान जीएसटी दर है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन विलासिता का सामान न होकर भारत में आम लोगों के लिए परिवहन का साधन हैं। गुप्ता ने कहा, 'प्रवेश स्तर के दोपहिया वाहन बहुत सारे प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार पैदा करने में मदद करते हैं। ऐसे में कम-से-कम 125 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना चाहिए।'

भारत दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा: गडकरी

नयी दिल्ली: केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का चलन 2001 में एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के रूप में शुरू हुआ था। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा, हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल वाला पेट्रोल) के इस्तेमाल से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है। गडकरी ने कहा कि देश में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित

शहरों में 42 भारत में हैं। उन्होंने कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं। इससे भी प्रदूषण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पेश किया था। इसमें पहले चरण में 15 शहरों को शामिल किया गया था। गन्ने के साथ-साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के इस्तेमाल से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता भारत आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। ई20 के उपयोग से दोपहिया वाहनों में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 50 प्रतिशत और चारपहिया वाहनों में शुद्ध पेट्रोल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। औसतन 10 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त करने का लक्ष्य जून, 2022 में प्राप्त किया गया, जो नवंबर, 2022 की समयसीमा से काफी पहले था।

देश का निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली: वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 21.94 अरब डॉलर रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि निर्यात में गिरावट आई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में आयात सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान निर्यात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 321.71 अरब डॉलर और आयात 5.15 प्रतिशत बढ़कर 532.48 अरब डॉलर हो गया है। अप्रैल-दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर बढ़कर 210.77 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 189.74 अरब अमेरिकी डॉलर था।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा

मंबई: स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो और कोटक बैंक में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.45 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,724.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 491.42 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 2,150 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,806 में गिरावट रही। 108 शेयरों



के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.15 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,213.20 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बॉन्ड प्रतिफल ऊंचा होने और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। वैश्विक बाजार अमेरिका में दिसंबर माह के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले सतर्क हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अल्पकाल में यह ऊंची रहेगी। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लिए नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश कम होगी।'' उन्होंने कहा, ''साथ कच्चे तेल के दाम में तेजी और डॉलर के मूल्य में बढ़त से भी निकट भविष्य में घरेलू स्तर पर महंगाई पर असर पड़ सकता है।'' सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसके अलावा एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

भारत जरूरत के समय 'वैश्विक दक्षिण' के लिए पहले कदम उठाने वाला देश: गोयल

नयी दिल्ली: वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत को प्राकृतिक आपदाओं के समय मानवीय पहल के लिए 'वैश्विक दक्षिण' में सबसे पहले कदम उठाने वाले देश के रूप में जाना जाता है। गोयल ने यहां आपदा प्रबंधन, आपदा जोखिम में कमी (डब्ल्यूसीडीएम-डीआरआर) पर विश्व कांग्रेस पुरस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत बाढ़ की रोकथाम और बाढ़ नियंत्रण में पड़ोसी देशों को आपदा प्रबंधन प्रदान करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, 'कोविड-19 महामारी के दौरान, देश ने मानवीय पहल 'वैक्सीन मैत्री' के माध्यम से 100 से अधिक देशों को मुफ्त टीके उपलब्ध कराए।''मंत्री ने कहा कि आपदा राहत बीमा दावा एक ऐसा क्षेत्र है जहां जागरूकता पैदा करने और दावों का निर्बाध तरीके से तेजी से निपटान करने की दिशा में काम करने की जरूरत है और राहत पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

न्यूज अपडेट

सोना 220 रुपये मजबूत हुआ, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली: वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 220 रुपये बढ़कर 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 220 रुपये बढ़कर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 80,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण सोने में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स सोना वायदा 26.40 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,708.70 डॉलर प्रति औंस हो गया।

केंद्र ने कर्मचारियों को एलटीसी के तहत तेजस, वंदे भारत ट्रेन से यात्रा की अनुमति दी

नयी दिल्ली: केंद्र ने अपने कर्मचारियों को अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के तहत तेजस, वंदे भारत और हमसफर ट्रेनों से यात्रा करने की अनुमति दे दी है। यह कदम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को एलटीसी के तहत विभिन्न प्रीमियम ट्रेनों की स्वीकार्यता के बारे में विभिन्न कार्यालयों/व्यक्तियों से कई सुझाव मिलने के बाद उठाया गया है। डीओपीटी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा,' इस विभाग ने व्यय विभाग के परामर्श से मामले पर गौर किया और यह निर्णय लिया गया है कि मौजूदा राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेनों के अलावा अब सरकारी कर्मचारियों की पात्रता के अनुसार एलटीसी के तहत तेजस एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा की अनुमति होगी।' पात्र केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी का लाभ उठाने पर सवेतन अवकाश के अलावा उनके द्वारा अन्य यात्राओं के लिए टिकट पर किया गया खर्च भी वापस मिल जाता है।

खाद्य मंत्री ने 2025-26 सत्र के लिए पांच राज्यों के साथ गेहूं खरीद योजनाओं की समीक्षा की

नयी दिल्ली: केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को रबी विपणन सत्र 2025-26 में खाद्यान्न की खरीद की तैयारियों की समीक्षा के लिए पांच प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों के खाद्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और राजस्थान के मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय पूल में पर्याप्त योगदान सुनिश्चित करने के लिए खरीद तंत्र को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की बात उठायी गयी। बैठक के दौरान जोशी ने कहा, 'इन पांच राज्यों में गेहूं खरीद की महत्वपूर्ण क्षमता है और ये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और मूल्य नियंत्रण उपायों के लिए महत्वपूर्ण हैं।' मंत्री ने जिलेवार लक्ष्य निर्धारित करने, दूरदराज के क्षेत्रों में खरीद केंद्रों का विस्तार करने, किसानों को समय पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का भुगतान सुनिश्चित करने और स्टॉक गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने सहित कई प्रमुख कार्य बिंदुओं को रेखांकित किया।

वर्ष 9, पूर्णांक 4121 अंक 271, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in